दैनिक सीहोर जिले का प्रथम दैनिक K ✌ K RNI No.MPHIN/2003/10309

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे | सीहोर जिले, होशंगाबाद संभाग एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-23 अंक-86 सीहोर, मंगलवार 19 मई 2026 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णकान्त सक्सेना

# भीषण गर्मी से तप रहा मध्य प्रदेश

## राजगढ़ 45 डिग्री के साथ सबसे गर्म, कई जिलों में लू का अलर्ट



भोपाल (आरएनएस)। मध्य प्रदेश में गर्मी लगातार रिकॉर्ड तोड़ रही है। प्रदेश के कई हिस्सों में तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से ऊपर पहुंच चुका है। बीते रविवार को राजगढ़ सबसे गर्म जिला रहा, जहां अधिकतम तापमान 45 डिग्री दर्ज किया गया। इसके अलावा 11 जिलों में तापमान 43 डिग्री और 4 जिलों में 44 डिग्री सेल्सियस से अधिक रहा। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री तक और बढ़ोतरी की संभावना जताई है। मौसम विभाग के अनुसार, आज सोमवार को ग्वालियर, मुरैना, भिंड, दतिया, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर, सागर, जबलपुर, दमोह, रीवा, सतना, मंदसौर, रतलाम, खरगोन, खंडवा और बुरहानपुर समेत कई जिलों में लू चलने का अलर्ट जारी किया गया है। इन इलाकों में तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है। वहीं भोपाल, इंदौर, उज्जैन, धार, देवास, सीहोर, नर्मदापुरम, बैतूल, छिंदवाड़ा, बालाघाट, शहडोल और सिंगरौली समेत कई जिलों में लू का अलर्ट नहीं है, लेकिन तेज गर्मी लोगों को परेशान करेगी।रविवार को प्रदेश के 16 शहरों में तापमान 43 डिग्री या उससे अधिक रिकॉर्ड किया गया। राजगढ़ के बाद रतलाम में 44.8 डिग्री, खंडवा में 44.5 डिग्री, नौगांव और खजुराहो में 44.4 डिग्री तापमान दर्ज हुआ। गुना में 43.7 डिग्री जबकि श्योपुर, रायसेन और नरसिंहपुर में 43.6 डिग्री तापमान रहा। प्रदेश के प्रमुख शहरों में उज्जैन का तापमान 43 डिग्री, इंदौर का 42.8 डिग्री, भोपाल का 42.7 डिग्री, ग्वालियर का 42.6 डिग्री और जबलपुर का 42.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

मौसम विभाग के मुताबिक अगले तीन दिनों तक प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी बनी रहेगी। उन्होंने लोगों से धूप में निकलते समय सावधानी बरतने और पर्याप्त पानी पीने की अपील की है। साथ ही लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बेहद जरूरी होने पर ही घर से बाहर निकलने की सलाह दी है।

## नीट पेपर लीक मामले में सीबीआई का बड़ा एक्शन, लातूर आरसीसी कोचिंग डायरेक्टर को हिरासत में लिया




लातूर/पुणे,(आरएनएस)। नीट यूजी 2026 परीक्षापत्र लीक मामला में सीबीआई ने रेणुकाई केमिस्ट्री क्लासेस (आरसीसी) के संस्थापक शिवराज रघुनाथ मोटेगांवकर को लातूर से गिरफ्तार किया है. अधिकारियों के मुताबिक, मोटेगांवकर को दिल्ली की एक अदालत में पेश किया जा सकता है.पीवी कुलकर्णी से पूछताछ में मोटेगांवकर का पेपर लीक मामले में कनेक्शन सामने आया है. इस केस की जांच करने लातूर पहुंची सीबीआई की 28 लोगों की टीम ने मोटेगांवकर से पूरी पूछताछ की. इसके बाद, पुणे में भी उनसे लंबी पूछताछ हुई।

सूत्रों के मुताबिक, ऐसी जानकारी सामने आई है जिससे पता चलता है कि मोटेगांवकर का कथित तौर पर शामिल होना जांच के दौरान, खासकर पी.वी. कुलकर्णी से पूछताछ के दौरान सामने आया. मॉक टेस्ट के कई सवाल फाइनल एग्जाम में आए. खास तौर पर, 3 मई को हुई नीट परीक्षा के बाद, आरसीसी क्लासेस द्वारा अपने छात्रों के साथ किए गए इंटरव्यू में चौंकाने वाले दावे सामने आए.छात्रों ने साफ तौर पर कहा कि उनके मॉक टेस्ट के कई सवाल फाइनल एग्जाम में हूबहू आए थे. आरसीसी क्लासेस और उसके डायरेक्टर, शिवराज मोटेगांवकर उस समय विवादों में घिर गए जब यह दावा किया गया कि हैरान करने वाले 42 सवाल एकदम मेल खाते थे. इस पूरे मामले की जांच तब तेज हुई जब एक अभिभावक ने इस मामले में शिकायत दर्ज कराई.इस बीच, खबर है कि मनीषा वाघमारे से पूछताछ के दौरान मोटेगांवकर का नाम भी सामने आया. इसके बाद, सीबीआई ने मोटेगांवकर के ऑफिस से मिले दस्तावेजों, कंप्यूटर और डिजिटल डेटा की पूरी जांच की।

## लखीमपुर-बहराइच नेशनल हाइवे पर ट्रक और मैजिक की टक्कर में दस मजदूरों की मौत

प्रधानमंत्री ने मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख की आर्थिक मदद का किया ऐलान

मुख्यमंत्री योगी ने मृतकों के परिजनों को हरसंभव सहायता पहुंचाने के दिए निर्देश



लखीमपुर खीरी, (ए.)। लखीमपुर-नानपारा मार्ग पर सोमवार की सुबह एक सवारी मैजिक वाहन और ट्रक के बीच आमने-सामने की भिड़ंत में दस लोगों की मौत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए। इस घटना पर प्रधानमंत्रीनरेन्द्र मोदी और राज्य के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी संवेदनाएं व्यक्त की हैं। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय राहत कोष से प्रत्येक मृतक के परिजनों को दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है।जानकारी के अनुसार लखीमपुर में मजदूरी करने के बाद सभी मजदूर मैजिक वाहन से घर बहराइच जनपद के नानपारा लौट रहे थे। सुबह करीब 7:00 बजे ईसानगर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अदलीसपुर के मजरा भरेहटा के पास बहराइच की दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक और मजदूरों के मैजिक वाहन की आमने सामने की टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मैजिक के परखच्चे उड़ गए और चीख-पुकार मच गई। राहगीरों ने पुलिस को हादसे की सूचना दी। भीषण हादसे की खबर पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने सभी को सरकारी एंबुलेंस से सीएचसी खमरिया भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने आठ लोगों को तुरंत मृत घोषित कर दिया और अन्य दो की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के अनुसार मैजिक वाहन पर सवार सभी दस मजदूरों की मौत हो गई, जिनमें आठ पुरुष और 2 महिलाएं हैं।

## शुभेंदु अधिकारी के पीए चंद्रनाथ हत्याकांड में एक आरोपित हिरासत में, सीबीआई की उत्तर प्रदेश में कार्रवाई



कोलकाता (आरएनएस)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या मामले में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने एक संदिग्ध आरोपित को हिरासत में लिया है। सोमवार को उत्तर प्रदेश के एक टोल प्लाजा से आरोपित को पकड़ा गया। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार आरोपित दिल्ली के रास्ते कहीं और फरार होने की योजना बना रहा था।सीबीआई सूत्रों ने बताया कि हिरासत में लिए गए आरोपित का नाम राजकुमार सिंह है, जो उत्तर प्रदेश के बलिया जिले का निवासी है। रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस और सीबीआई की संयुक्त टीम ने दिल्ली के स्वरूपनगर इलाके में एक मकान पर छापेमारी भी की थी, लेकिन उस समय आरोपित हाथ नहीं आया था। उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव परिणाम घोषित होने के दो दिन बाद, छह मई की रात उत्तर 24 परगना जिले के मध्यग्राम इलाके में चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वह कार में चालक के बगल वाली सीट पर बैठे थे। हमलावर बाइक पर सवार होकर आए और अंधाधुंध गोलीबारी कर मौके से फरार हो गए। घटना में चालक भी घायल हुआ था।स्थानीय लोगों की मदद से चंद्रनाथ रथ और चालक को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने चंद्रनाथ को मृत घोषित कर दिया।

## देश की पहली बुलेट ट्रेन की तस्वीर आई सामने, रेलवे मंत्रालय में दिखी भारत के भविष्य की सबसे फास्ट ट्रेन की झलक

नईदिल्ली,(आरएनएस)। भारत में बुलेट ट्रेन का सपना अब धीरे-धीरे हकीकत बनता दिखाई दे रहा है। भारतीय रेलवे ने देश की पहली बुलेट ट्रेन का डिजाइन पब्लिक कर दिया है। नई दिल्ली स्थित रेलवे मंत्रालय में इस ट्रेन की तस्वीर लगाई गई है, जिसने लोगों के बीच उत्साह बढ़ा दिया है। रेलवे मंत्रालय के गेट नंबर-4 पर लगाई गई यह तस्वीर भारत की भविष्य की सबसे तेज ट्रेन की पहली आधिकारिक झलक मानी जा रही है। यह बुलेट ट्रेन मुंबई-अहमदाबाद हाई स्पीड रेल कॉरिडोर पर चलेगी और देश में हाई-स्पीड यात्रा का नया दौर शुरू करेगी। ये बुलेट ट्रेन आने वाले समय में भारत की रेल यात्रा पूरी तरह बदलने वाली है। आधुनिक डिजाइन, तेज रफ्तार और अत्याधुनिक तकनीक से लैस यह ट्रेन सिर्फ सफर को आसान नहीं बनाएगी, बल्कि भारत को दुनिया के उन चुनिंदा देशों की कतार में भी खड़ा करेगी जहां बुलेट ट्रेन जैसी एडवांस रेल सेवाएं मौजूद हैं।

## *बंगाल के पार्क सर्कस हिंसा मामले में 40 गिरफ्तार, मुख्यमंत्री बोले- पुलिस पर हमला अब बर्दाश्त नहीं*

*कोलकाता,(ए.)। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने पार्क सर्कस में हुए विरोध प्रदर्शन और पुलिस पर हमले की घटना को लेकर सख्त रुख अपनाया है। सोमवार को पार्क सर्कस स्थित डीसीपी कार्यालय पहुंचकर पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद मुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि उनकी सरकार में पुलिसकर्मियों पर हमला किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मामले में पुलिस ने अब तक 40 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।*



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्य क्षेत्रीय परिषद बैठक स्थल जगदलपुर में लोक कलाकारों द्वारा आयोजित पारंपरिक लोकशिल्पों की लघु प्रदर्शनी का अवलोकन किया

## बढ़ती महंगाई को लेकर खड़गे बोले- मोदी सरकार में दूरदर्शिता की कमी

### -पेट्रोल-डीजल कीमतों में बढ़ोतरी पर कांग्रेस अध्यक्ष ने केंद्र सरकार को घेरा




नई दिल्ली,(ए.)। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पेट्रोल-डीजल और जरूरी वस्तुओं की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा हमला बोला है। खड़गे ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने चुनावी नुकसान से बचने के लिए पेट्रोल-डीजल की वास्तविक कीमतों को चुनाव तक नियंत्रित रखा और चुनाव खत्म होते ही आम जनता पर महंगाई का बोझ डाल दिया।सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जारी अपने बयान में खड़गे ने कहा कि अगर चुनाव से पहले ईंधन की कीमतें बढ़ाई जातीं तो भाजपा को राजनीतिक नुकसान उठाना पड़ सकता था। इसी वजह से सरकार ने असली आर्थिक स्थिति को जनता से छिपाकर रखा। उन्होंने कहा कि चुनाव समाप्त होते ही पेट्रोल, डीजल और अन्य आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी शुरू हो गई।कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह स्थिति सरकार की दूरदर्शिता की कमी को दर्शाती है।

## शुभेंन्दु का एलान - ममता के भ्रष्टाचार की जांच कराएंगे




## क्रिप्टो करेंसी के नाम पर युवक से ठगी



गुना (आरएनएस)। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित मठकरी कॉलोनी के एक युवक से क्रिप्टो करेंसी के जरिए सस्ते शेयर खरीदने के नाम पर 49.47 लाख रुपए की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। जालसाजों ने 26 से 30 जून 2025 के बीच युवक से अलग-अलग बैंक खातों में यह रकम जमा करवाई। पैसे वापस मांगने पर ठगों ने 50 हजार रुपए और मांगे, जिसके बाद पीड़ित के पिता श्याम अग्रवाल (53) की शिकायत पर रविवार को पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। शिकायतकर्ता श्याम अग्रवाल ने पुलिस को बताया कि उनके बेटे आयुष के मोबाइल पर 26 जून 2025 को एक फर्जी क्रिप्टो कंपनी की तरफसे संपर्क किया गया था। जालसाजों ने आयुष को सस्ते शेयर खरीदकर मुनाफा कमाने का लालच दिया।

## सीहोर जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 44 डिग्री तपती गर्मी में बूंद बूंद पानी के लिए तरसती ग्रामीण जनता, भीषण जल संकट

### ग्रामीणों ने सरकार से लगाई गुहार प्यास गांव में तुरंत नलकूप खनन की मांग पानी का बजट कटौती के कारण नहीं हो पा रहे हैं बोर खनन





सीहोर( निप्र)। मध्य प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और 44 डिग्री तापमान के बीच सीहोर जिले के अनेक ग्रामीण क्षेत्रों में भीषण जल संकट गहराता जा रहा है। गांवों में हालात इतने गंभीर हो चुके हैं कि महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग दिनभर एक-एक बूंद पानी के लिए भटकने को मजबूर हैं। कहीं ग्रामीण दूर-दराज खेतों के कुओं पर पानी की तलाश में पहुंच रहे हैं, तो कहीं झरियां खोदकर मटमैला पानी पीने को विवश हैं। सरपंच पति मोन बाइ के प्रतिनिधि अशोक मीणा ग्राम पंचायत रामगढ़ कहना है कि हमारे गांव में जल संकट के लिए महिलाएं कहीं गिरी खोज कर मत मिला पानी पीने को मजबूर है तो कहीं गहरे कुएं में उतर कर जान जोखिम में डालकर मत मिला पानी पीने को मजबूर है सरपंच प्रतिनिधि द्वारा फ के भाग जिला प्रशासन को कई बार आवेदन दे चुके हैं लेकिन अभी तक नलकूप खनन कर पानी की समस्या का हल नहीं किया गया है साथी रेशम भाई गौरी बाई कोसा बाई राजकुमार बाई राजकुमार बाई गायत्री बा इ का कहना है कि कई गांवों में जलस्तर पाताल तक पहुंच चुका है। महिलाएं गांव से एक से दो किलोमीटर दूर जाकर जान जोखिम में डालते हुए गहरे कुओं में उतरकर कपड़े से छानकर गंदा पानी ला रही हैं। भीषण गर्मी में पानी की यह समस्या ग्रामीण जीवन के लिए गंभीर संकट बन गई है। क्षेत्र के किसान एवं समाजसेवी एमएस मेवाड़ा द्वारा मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) मंत्री एवं सीहोर जिले की प्रभारी मंत्री से जल संकट प्रभावित गांवों में नवीन नलकूप खनन कराने की मांग की जा चुकी है। ग्रामीणों के अनुसार विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष पीएचई विभाग को नवीन नलकूप खनन के लिए लगभग 30 बोर का लक्ष्य एवं बजट मिला है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 70 प्रतिशत कम है। पिछले वर्ष करीब 100 नलकूपों का बजट प्राप्त हुआ था। बजट कम होने के कारण जल संकट वाले अधिकांश गांवों में नए बोर खनन संभव नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीण जनता ने मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन के वित्त विभाग से मांग की है कि लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग का बजट बढ़ाया जाए तथा सीहोर जिले को कम से कम 100 से अधिक नलकूप खनन की स्वीकृति दी जाए, ताकि जल संकट से जूझ रहे गांवों को राहत मिल सके। ग्रामीणों का कहना है कि बड़े अधिकारी और जनप्रतिनिधि एयर कंडीशनर कार्यालयों में बैठकर ठंडा पानी पीते हैं, जबकि गांवों की जनता कड़ाके की धूप में बूंद-बूंद पानी के लिए भटक रही है। कई स्थानों पर लोग गंदा और मटमैला पानी पीने को मजबूर हैं, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है।





## भोपाल मंडल में आयोजित हुई पर्यावरण जागरूकता कार्यशालाएं एवं जनजागरूकता कार्यक्रम





भोपाल (निप्र)। भारतीय रेल द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस 2026 अभियान के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल में 15 मई से 05 जून 2026 तक विभिन्न पर्यावरण संरक्षण एवं जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस वर्ष विश्व पर्यावरण दिवस अभियान की थीम "Climate Change – Focusing on the challenges posed by Mother Earth" निर्धारित की गई है। अभियान के अंतर्गत स्वच्छ स्टेशन, प्लास्टिक प्रदूषण में कमी, पर्यावरण संरक्षण एवं सतत जीवनशैली को बढ़ावा देने हेतु विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में 18 मई 2026 को भोपाल मंडल के विभिन्न रेलवे प्रतिष्ठानों एवं प्रशिक्षण केंद्रों में रेलवे कर्मचारियों के लिए जलवायु परिवर्तन, अपशिष्ट प्रबंधन एवं सतत कार्यप्रणालियों विषय पर विशेष कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीटीसी (सी एंड डब्ल्यू) इटारसी, बीटीसी ईएलएस (टीआरएस) इटारसी, डीजल लोको शेड इटारसी, डीआरएम कार्यालय भोपाल, एरिया ट्रेनिंग सेंटर आरकेएमपी तथा भोपाल मंडल के सभी प्रशिक्षण केंद्रों में आयोजित किए गए। कार्यक्रमों का संचालन यांत्रिक विभाग, टीआरएस, डीजल शेड, परिचालन विभाग, कार्मिक विभाग एवं पर्यावरण एवं हाउसकीपिंग प्रबंधन विभाग द्वारा किया गया। कार्यशालाओं के माध्यम से कर्मचारियों को जलवायु परिवर्तन के प्रभाव, अपशिष्ट पृथक्करण, प्लास्टिक उपयोग में कमी तथा पर्यावरण अनुकूल जीवनशैली अपनाने के प्रति जागरूक किया गया। रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों के बीच "Carry Your Own Water Bottle" अभियान चलाकर स्वयं की पानी की बोतल उपयोग करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अभियान का उद्देश्य सिंगल यूज़ प्लास्टिक के उपयोग को कम करना तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनभागीदारी बढ़ाना रहा।

## इटारसी-भोपाल-बीना के बीच बनेगी चौथी रेल लाइन, बढ़ेगी रेल संचालन क्षमता



भोपाल (निप्र)। रेलवे अधोसंरचना विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए इटारसी-भोपाल-बीना चौथी नई रेल लाइन परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। यह परियोजना क्षेत्र में रेल यातायात क्षमता बढ़ाने, ट्रेनों के सुगम संचालन तथा भविष्य की परिवहन आवश्यकताओं को पूरा करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। प्रस्तावित चौथी रेल लाइन की कुल लंबाई 237 रूट किलोमीटर होगी, जबकि ट्रैक की कुल लंबाई 264 किलोमीटर निर्धारित की गई है। इस महत्वाकांक्षी परियोजना के लिए लगभग 4329 करोड़ रुपये की अनुमानित राशि स्वीकृत की गई है। वर्तमान में इटारसी-भोपाल-बीना चौथी नई रेल लाइन परियोजना के सर्वे का कार्य पूर्ण हो चुका है। इस परियोजना के कार्य हेतु टेंडर एवं भूमि अधिग्रहण की कार्यवाई प्रक्रियाधीन है परियोजना के लिए इस वित्तीय वर्ष में 100 करोड़ की बजट राशि आवंटित की गयी है। परियोजना के अंतर्गत 9 सुरंगों, 4 महत्वपूर्ण पुलों, 39 बड़े पुलों, 151 छोटे पुलों, 43 रोड ओवर ब्रिज तथा 39 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण किया जाएगा। इससे रेल नेटवर्क अधिक आधुनिक, सुरक्षित एवं सक्षम बनेगा। इटारसी-भोपाल-बीना रेलखंड देश के अत्यंत व्यस्त रेल मार्गों में शामिल है। चौथी रेल लाइन बनने से यात्री एवं मालगाड़ियों की आवाजाही और अधिक सुचारु होगी, साथ ही ट्रेनों की समयबद्धता एवं परिचालन क्षमता में भी उल्लेखनीय सुधार आएगा। रेल मंत्रालय द्वारा इस परियोजना को पूर्ण करने के लिए 4 वर्ष की समय-सीमा निर्धारित की गई है। परियोजना पूर्ण होने पर मध्यप्रदेश सहित देश के विभिन्न हिस्सों को बेहतर रेल कनेक्टिविटी का लाभ मिलेगा।

## जीतू पटवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर उठाए सवाल, कहा- जनता का गुस्सा ही भाजपा सरकार का असली "रिपोर्ट कार्ड"



भोपाल, (ए.)। मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी ने सोमवार को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रदेश सरकार की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार के मंत्रियों का वास्तविक रिपोर्ट कार्ड अब बंद कमरों में होने वाली समीक्षा बैठकों से नहीं, बल्कि जनता के बढ़ते आक्रोश, विधायकों की नाराजगी और सरकार के भीतर उठ रहे सवालों से सामने आ रहा है।जीतू पटवारी ने कहा कि सरकार के भीतर ही कई मुद्दों को लेकर असंतोष दिखाई दे रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अलीराजपुर में शराब कारोबार और प्रशासनिक समन्वय को लेकर सवाल उठ रहे हैं, वहीं देश की पहली वॉटर प्लस सिटी कही जाने वाली इंदौर में लोग जलसंकट से परेशान हैं। उनका कहना है कि स्थिति ऐसी बन गई है कि भाजपा विधायक भी सार्वजनिक रूप से नाराजगी जता रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह केवल विपक्ष के आरोप नहीं हैं, बल्कि सरकार के भीतर से सामने आ रही स्थितियां हैं। पटवारी ने कहा कि सरकार मंत्रियों की बैठकों, दौरों और संगठनात्मक गतिविधियों का आकलन कर रही है, जबकि जनता मूलभूत सुविधाओं और सुरक्षा से जुड़े सवालों के जवाब चाहती है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदेश में जलसंकट, बढ़ते अपराध और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर सरकार प्रभावी ढंग से काम नहीं कर पा रही है। उन्होंने कहा कि जहां एक ओर लोग पानी जैसी बुनियादी जरूरतों के लिए संघर्ष कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर सरकार प्रचार और औपचारिक समीक्षाओं में व्यस्त दिखाई देती है।पीसीसी चीफ पटवारी ने कहा कि प्रदेश में प्रशासनिक व्यवस्था कमजोर पड़ती नजर आ रही है और जनता का भरोसा सरकार से कम हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि यदि वास्तविक समीक्षा करनी है तो किसानों, महिलाओं, बेरोजगार युवाओं और आम नागरिकों की समस्याओं को प्राथमिकता देकर उनकी बात सुनी जाए।

## 19 और 20 मई को आसमान में दिखेगा 'दा विंची ग्लो', चांद के साथ नजर आएंगे वीनस और जुपिटर

भोपाल(निप्र)। आकाश प्रेमियों के लिए 19 और 20 मई की शाम खास रहने वाली है। इन दो दिनों में आसमान में एक दुर्लभ और मनमोहक खगोलीय घटना दा विंची ग्लो या अर्थशाइन देखने को मिलेगा। इस दौरान हंसियाकार चंद्रमा का अंधेरा हिस्सा भी हल्की चमक के साथ दिखाई देगा, जिससे चांद बेहद आकर्षक नजर आएगा। नेशनल अवार्ड प्राप्त विज्ञान प्रसारक सारिका घारू ने सोमवार को हिस से चर्चा करते हुएबताया कि इस खगोलीय घटना को अशेन ग्लो भी कहा जाता है। सामान्यत: चंद्रमा का वही हिस्सा दिखाई देता है, जिस पर सूर्य की सीधी रोशनी पड़ती है, लेकिन इन दिनों पृथ्वी से परावर्तित सूर्य की किरणें चंद्रमा के अंधेरे हिस्से को भी हल्की चमक प्रदान करेंगी। इससे चांद का अप्रकाशित भाग भी साफ दिखाई देगा।

## मध्यप्रदेश को हॉकी का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव से हॉकी इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की**



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव से हॉकी इंडिया के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को भोपाल में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सौजन्य भेंट की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश को हॉकी का वैश्विक केंद्र बनाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। हॉकी इंडिया के प्रतिनिधिमंडल के साथ खेल अवसंरचना को मजबूत करने, प्रतिभाओं को पोषित करने और राज्य को एक अंतर्राष्ट्रीय हॉकी गंतव्य के रूप में स्थापित करने के संबंध में सार्थक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हॉकी के विकास और उन्नति के साथ-साथ मध्यप्रदेश को एक विकसित हॉकी केंद्र बनाने के लिए बुनियादी ढांचे के विकास पर भी चर्चा की गई। प्रतिनिधिमंडल से मध्यप्रदेश के खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर और अधिक निखारने और प्रदेश को ग्लोबल हॉकी हब के रूप में स्थापित करने की कार्ययोजना पर सकारात्मक विचार-विमर्श हुआ। प्रतिनिधिमंडल में हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह, कोषाध्यक्ष शेखर जे. मनोहरन और डायरेक्टर जनरल कमांडर आर.के. श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल थे।

## बाल संरक्षण आयोग के नवनियुक्त सदस्यों ने कार्यभार किया ग्रहण



भोपाल (ए.)। मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के नवनियुक्त सदस्यों श्रीमती सोनम निनामा एवं श्रीमती अर्चना गुप्ता (अधिवक्ता) ने सोमवार को सदस्य पद का कार्यभार ग्रहण किया। आयोग के सचिव एम.एल. मेहरा ने दोनों सदस्यों को विधिवत पदभार ग्रहण कराया। उल्लेखनीय है कि राज्य शासन द्वारा जारी आदेश दिनांक 15 मई 2026 के तहत दोनों की नियुक्ति मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग के सदस्य के रूप में की गई है। इस अवसर पर आयोग की अध्यक्ष डॉ. निवेदिता शर्मा ने नवनियुक्त सदस्यों को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और कार्यक्षमता से प्रदेश में बाल अधिकारों के संरक्षण एवं संवर्धन के प्रयासों को और अधिक मजबूती मिलेगी।





ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर और नवीन व नवकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने कुशाभाऊ ठाकरे इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के क्रियान्वयन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली एजेंसियों को सम्मानित किया।

## संत हिरदाराम नगर स्टेशन का अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत तेजी से हो रहा कायाकल्प



भोपाल (निप्र)। भारतीय रेल द्वारा देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों को आधुनिक यात्री सुविधाओं से विकसित करने हेतु संचालित अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत पश्चिम मध्य रेल के भोपाल मंडल स्थित संत हिरदाराम नगर स्टेशन का व्यापक पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। लगभग 30.85 करोड़ रुपये की लागत से स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के उन्नयन एवं आधुनिक आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य किए जा रहे हैं। संत हिरदाराम नगर स्टेशन एनएसजी-3 श्रेणी का महत्वपूर्ण स्टेशन है, जहां यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर आवागमन को ध्यान में रखते हुए विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं। स्टेशन पर अलग प्रवेश एवं निकास द्वार विकसित किए जा रहे हैं, साथ ही सर्कुलेटिंग एरिया के सौंदर्यीकरण एवं सुधार का कार्य भी प्रगति पर है। यात्रियों को बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 पर कवर ओवर शेड की व्यवस्था की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्लेटफॉर्म क्रमांक 1 एवं 2 की सतह में सुधार कार्य भी किया जा रहा है। स्टेशन भवन के अग्रभाग, आंतरिक भाग एवं प्रतीक्षालयों का आधुनिकीकरण किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाजनक एवं आकर्षक वातावरण उपलब्ध हो सके। स्टेशन पर शौचालयों के सुधार एवं आधुनिकीकरण का कार्य भी प्रगति पर है। साथ ही यात्रियों के वाहनों की बेहतर व्यवस्था हेतु मल्टीलेवल (बहुस्तरीय) पार्किंग विकसित की जा रही है। स्टेशन परिसर में दिव्यांगजन अनुकूल सुविधाओं का विस्तार करते हुए रैंप, दिव्यांग संकेतक एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं विकसित की जा रही हैं।

## मध्य प्रदेश में पेट्रोल-डीजल सबसे महंगा, माकपा ने करों में कटौती की मांग उठाई

भोपाल,(निप्र)। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने मध्यप्रदेश में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों को लेकर राज्य सरकार पर निशाना साधा है। पार्टी के राज्य सचिव जसविंदर सिंह ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि प्रदेश की प्रति व्यक्ति आय पड़ोसी राज्यों की तुलना में कम होने के बावजूद यहां पेट्रोल और डीजल सबसे महंगा बिक रहा है। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 1.52 लाख रुपये के करीब है, जबकि पेट्रोल 110.74 रुपये और डीजल 95.08 रुपये प्रति लीटर मिल रहा है। इसके विपरीत उत्तर प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय अधिक होने के बावजूद पेट्रोल 97.72 रुपये और डीजल 90.25 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। इस हिसाब से मध्यप्रदेश की जनता को पेट्रोल पर 13 रुपये से अधिक और डीजल पर करीब 4 रुपये प्रति लीटर अतिरिक्त भुगतान करना पड़ रहा है।

# ट्विशा मौत केस में बड़ा मोड़! रिटायर्ड जज सास को अग्रिम जमानत, बहू पर लगाए सनसनीखेज आरोप






भोपाल(ए.)। भोपाल के बहुचर्चित ट्विशा शर्मा संदिग्ध मौत मामले में एक नया मोड़ आया है। दहेज हत्या के आरोपों का सामना कर रही ट्विशा की सास और रिटायर्ड जज गिरिबाला सिंह को भोपाल जिला अदालत से अग्रिम जमानत मिल गई है। जमानत अर्जी में गिरिबाला सिंह ने अपनी बहू ट्विशा को लेकर कई चौंकाने वाले दावे किए हैं। उनका कहना है कि ट्विशा ड्रग्स की आदी थी और उसका मनोचिकित्सक के पास इलाज चल रहा था, जिसका पूरा खर्च ससुराल वाले ही उठाते थे।

### सस्पेंस से भरी मौत और दहेज हत्या का मामला

राजधानी भोपाल के कटारा हिल्स थाना क्षेत्र में रहने वाली 31 वर्षीय ट्विशा शर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद से ही हड़कंप मचा हुआ है। इस मामले में कटारा हिल्स पुलिस ने ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह (सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश व भोपाल जिला उपभोक्ता फोरम बैंच-2 की न्यायाधीश) और उनके वकील बेटे यानी ट्विशा के पति समर्थ सिंह के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। हालांकि, गिरिबाला सिंह को शुक्रवार को भोपाल डीजे कोर्ट से अग्रिम जमानत मिल चुकी है।



Dr. SATYA KANT TRIVEDI

डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी

यह कि श्रीमती ट्विशा शर्मा 9.12.2025 से 12.05.2026 के बीच पांच मायके और अन्य जगहों पर गई। हाथों में कंपन और कुछ समय पाने के कारण ट्विशा शर्मा चिड़चिड़ेपन और स्वभाव में अचानक परि सिप्टम्स) नजर आते थे। आवेदिका ने इस विषय पर ट्विशा के पिता और उन्हें यह तथ्य ज्ञात था कि उनकी पुत्री ड्रग्स लेती है। दिनांक को पहली बार श्रीमती ट्विशा को अपने गर्भवती होने की जानकारी श्रीमती ट्विशा अपने पति के साथ हजेला अस्पताल गई। हजेला अ संलग्न कर प्रस्तुत है।

यह कि गर्भधारण करने की जानकारी होने के पश्चात ट्विशा का व और उसके पुत्र के लिए काफी अधिक परेशान करने वाला रहा। हजे वापस आने के बाद ट्विशा ने अपना सामान बैग में भरा और बोली नोएडा जाना चाहती हूं और अब मुझसे यह घरेलू महिला का नाटक हो पाएगा। ट्विशा की यह बात सुनकर आवेदिका और उसके पुत्र

### 12 घंटे तक लापता रहने का दावा

गिरिबाला सिंह ने अपनी अग्रिम जमानत याचिका में बताया है कि ट्विशा और समर्थ की शादी 9 दिसंबर 2025 को हुई थी। शादी के कुछ समय बाद, यानी 12 मई की रात को ट्विशा ने बागमुगालिया एक्सटेंशन स्थित अपने निवास की छत पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अर्जी के मुताबिक, शादी के बाद 9 दिसंबर से 12 मई के बीच ट्विशा पांच बार अपने मायके (नोएडा) गई थी। एक बार तो वह भोपाल से सुबह की फ्लाइट लेकर नोएडा गई और देर रात घर वापस लौटी। वह करीब 12 घंटे तक लापता रही, लेकिन पूछने पर भी उसने यह नहीं बताया कि वह कहां थी।

### 'दहेज के आरोप झूठे, हम देते थे खर्च के पैसे'

सास गिरिबाला सिंह ने अदालत को बताया कि दहेज मांगने या पैसे के लिए दबाव बनाने के सारे आरोप पूरी तरह बेबुनियाद हैं। उन्होंने दावा किया कि ट्विशा को खर्च के लिए नियमित रूप से 5 हजार से लेकर 50 हजार रुपये तक की रकम दी जाती थी। इसके सबूत के तौर पर उन्होंने कोर्ट में ऑनलाइन बैंक ट्रांजैक्शन के स्क्रीनशॉट भी पेश किए हैं।

### पिता को पता था कि बेटी ड्रग्स लेती है

जमानत आवेदन में यह भी लिखा गया है कि ट्विशा के हाथों में कंपन होता था। कुछ समय तक ड्रग्स न मिलने के कारण वह गंभीर चिड़चिड़ेपन और अचानक स्वभाव बदलने (विथड्रॉल सिम्पटम्स) जैसी दिक्कतों से जूझ रही थी। आवेदिका (गिरिबाला) का कहना है कि उन्होंने इस बारे में ट्विशा के पिता से भी बात की थी और उन्हें अच्छी तरह पता था कि उनकी बेटी ड्रग्स लेती है।

### प्रेगनेंसी का पता चलते ही कहा- 'घरेलू महिला का नाटक नहीं होगा'

अर्जी के अनुसार, 17 अप्रैल 2026 को ट्विशा को पहली बार अपनी प्रेगनेंसी (गर्भवती होने) के बारे में पता चला। उसी दिन वह अपने पति समर्थ के साथ हजेला अस्पताल गई, जिसके मेडिकल पर्चे भी कोर्ट में लगाए गए हैं। गिरिबाला सिंह ने बताया कि गर्भवती होने की बात सामने आने के बाद ट्विशा का व्यवहार उनके और उनके बेटे के प्रति काफी परेशान करने वाला हो गया था। अस्पताल से लौटकर ट्विशा ने अपना बैग पैक किया और कहा, "मैं अपने घर नोएडा जाना चाहती हूं, अब मुझसे यह घरेलू महिला का नाटक और अधिक नहीं हो पाएगा।" ट्विशा की यह बात सुनकर सास और पति दंग रह गए थे।

### मनोचिकित्सक के पास चल रहा था इलाज

कोर्ट को दी गई जानकारी के मुताबिक, ट्विशा की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। उसका भोपाल के मशहूर मनोचिकित्सक डॉ. सत्यकांत त्रिवेदी के पास इलाज चल रहा था। इसके अलावा, उसे काउंसिलिंग के लिए काउंसलर काकोली राय के पास भी भेजा गया था।

### तेलुगु फिल्मों में कर चुकी थी अभिनय

ट्विशा के अतीत को लेकर बताया गया है कि वह काफी टैलेंटेड थीं और बतौर एक्ट्रेस चार तेलुगु फिल्मों में काम कर चुकी थीं। इसके साथ ही उन्होंने कई विज्ञापनों (एड फिल्मों) और मॉडलिंग में भी हाथ आजमाया था। बाद में फिल्म इंडस्ट्री में मनमुताबिक कामयाबी न मिलने पर उन्होंने अपना रास्ता बदल लिया। ट्विशा ने एमबीए की पढ़ाई की थी और इसके बाद कई वर्षों तक दिल्ली की एक नामी कंपनी में नौकरी भी की थी।

### कोर्ट में आज होगी बड़ी सुनवाई, मायके पक्ष की मांगें

इस पूरे मामले को लेकर दोनों पक्षों के अपने-अपने दावे हैं। जहां ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, वहीं मायके वाले आरोप लगा रहे हैं कि ट्विशा को दहेज के लिए प्रताड़ित किया जाता था, बच्चा पैदा करने के लिए टॉर्चर किया जाता था और उस पर दबाव बनाया जाता था। आज सोमवार को भोपाल कोर्ट में ट्विशा के पति समर्थ सिंह की अग्रिम जमानत अर्जी पर सुनवाई होनी है। इसके साथ ही भोपाल पुलिस भी ट्विशा के अंतिम संस्कार को लेकर कोर्ट में एक आवेदन पेश करेगी। दूसरी तरफ, ट्विशा के मायके वाले भी अदालत में अर्जी लगाने की तैयारी में हैं। उनकी मांग है कि ट्विशा का पोस्टमॉर्टम दिल्ली एम्स (AIIMS) में कराया जाए और मामले की जांच मध्य प्रदेश से बाहर की किसी निष्पक्ष पुलिस एजेंसी को सौंपी जाए।

## 'मेरी बेटी को इंसाफ चाहिए' ट्विशा के माता-पिता का फूटा दर्द, बोले- उसे मार दिया गया





भोपाल (ए.)। नोएडा की रहने वाली ट्विशा शर्मा की संदिग्ध मौत का मामला अब और ज्यादा तूल पकड़ता जा रहा है। ट्विशा के परिवार ने मामले में गंभीर सवाल उठाते हुए दोबारा पोस्टमार्टम की मांग की है। परिवार का आरोप है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और मौके से मिले सबूतों में मेल नहीं है। वहीं, परिवार ने पति समर्थ सिंह और उनकी मां की गिरफ्तारी की भी मांग की है। रविवार को ट्विशा के परिजन भोपाल स्थित मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और मुख्यमंत्री से मुलाकात कर न्याय की गुहार लगाई।

### "पोस्टमार्टम रिपोर्ट और सबूत मेल नहीं खा रहे"

ट्विशा के पिता नवनीधि शर्मा ने कहा कि मामला बेहद संदिग्ध है और ऐसे में शव का अंतिम संस्कार कैसे किया जाए। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और घटनास्थल से मिले सबूतों में कई विरोधाभास हैं। इसी कारण परिवार ने दूसरे पोस्टमार्टम के लिए आवेदन दिया है। उनका कहना है कि यह एक हाई प्रोफाइल परिवार से जुड़ा मामला है और उन्हें अब न्याय मिलने की उम्मीद कम नजर आ रही है।

### "मेरी बेटी को मार दिया गया"

ट्विशा की मां रेखा शर्मा ने भावुक होते हुए कहा कि उनकी बेटी की हत्या की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पति समर्थ सिंह और उनकी मां दोनों को गिरफ्तार किया जाना चाहिए। परिवार का कहना है कि शादी के बाद से ही ट्विशा को मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था।

### डेटिंग ऐप से हुई थी मुलाकात, पांच महीने पहले हुई थी शादी

जानकारी के अनुसार ट्विशा शर्मा की मुलाकात भोपाल के वकील समर्थ सिंह से एक डेटिंग ऐप के जरिए हुई थी। दोनों ने दिसंबर 2025 में लव मैरिज की थी। शादी के महज पांच महीने बाद ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मामले में ट्विशा की सास और रिटायर्ड जस्टिस गिरिबाला सिंह को पहले ही अग्रिम जमानत मिल चुकी है, जिस पर परिवार लगातार सवाल उठा रहा है।

### सीएम हाउस पहुंचे परिजन, सीधे मुलाकात की मांग

रविवार को ट्विशा के परिवार वाले भोपाल में मुख्यमंत्री मोहन यादव के आवास पहुंचे। परिवार ने सीएम हाउस के बाहर खड़े होकर मुख्यमंत्री से मिलने की मांग की। मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने उन्हें समझाने की कोशिश की, लेकिन परिजन सीएम से सीधे मुलाकात की जिद पर अड़े रहे। काफी देर बहस के बाद पुलिस ने परिवार को अधिकारियों से चर्चा करने के लिए अंदर जाने को कहा।

### दिल्ली एम्स में दोबारा पोस्टमार्टम की मांग

परिवार ने मांग की है कि ट्विशा का दोबारा पोस्टमार्टम दिल्ली एम्स में कराया जाए और मामले की निष्पक्ष जांच हो। परिवार का कहना है कि मौत के छह दिन बाद भी उन्होंने शव मोर्चरी से नहीं लिया है। ट्विशा के भाई भारतीय सेना में मेजर हैं और पूरा परिवार इस मामले में सख्त कार्रवाई की मांग कर रहा है।

## बस में जिंदा जला 4 साल का अनय, बेटे को बचा न सके पिता, शिवपुरी में फूटा गुस्सा; कलेक्टर की गाड़ी घेरी

शिवपुरी (ए.)। इंटरसिटी बस में आग से 4 साल के अनय जैन की मौत के बाद शिवपुरी में जनाक्रोश फूट पड़ा। अग्रवाल और जैन समाज ने कलेक्ट्रेट का घेराव किया। जिसके बाद कलेक्टर अर्पित वर्मा ने सड़क पर बैठकर पीड़ित पिता की बात को सुना।

इंदौर से शिवपुरी आ रही इंटरसिटी बस में दो दिन पहले मक्सी के पास लगी आग ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। चार साल का मासूम अनय जैन जिंदा जल गया और पिता अभिषेक जैन की आंखों के सामने ही उनकी दुनिया उजड़ गई। इस दर्दनाक हादसे ने पूरे शिवपुरी को झकझोरकर रख दिया है। सोमवार को अग्रवाल और जैन समाज के सैकड़ों लोग सड़कों पर उतर आए। इंटरसिटी बस संचालक और परिवहन विभाग की कथित लापरवाही के खिलाफ नारेबाजी करते हुए प्रदर्शनकारी कलेक्ट्रेट पहुंचे और धरने पर बैठ गए।

## पटाखा ब्लास्ट के बाद प्रशासन अलर्ट

### – आधा दर्जन पटाखा दुकानें और गोदाम सील, कई जगह नियमों का उल्लंघन

देवास (ए.)। जिले के टोंक कला के पास हुई पटाखा फैक्ट्री ब्लास्ट की घटना के बाद शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखा दुकानों तथा गोदामों की जांच का अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक विभिन्न टीमों ने कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक दुकानों और गोदामों को सील कर दिया। जांच के दौरान सुरक्षा मानकों, लाइसेंस, फायर फिटनेस और स्टॉक रजिस्टर जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेजों की गहन पड़ताल की गई। कई स्थानों पर नियमों का उल्लंघन पाए जाने के बाद प्रशासन ने सीलिंग की कार्रवाई की। तहसीलदार सपना शर्मा ने बताया कि कलेक्टर के आदेश पर शहर और ग्रामीण इलाकों में जांच के लिए टीमें गठित की गई थीं। इन टीमों ने जहां भी कमियां पाईं, वहां सीलिंग की कार्रवाई की गई।नायब तहसीलदार पूजा भाटी ने शहर में तीन दुकानों का निरीक्षण किया। इनमें से एक दुकान आबादी वाले क्षेत्र में संचालित हो रही थी, जिसे तत्काल सील कर दिया गया। बताया गया कि दुकान के सामने बिजली का डीपी लगा हुआ था, जिससे बड़े हादसे का खतरा बना हुआ था। पूजा भाटी की टीम ने दो अन्य दुकानों की भी जांच की, जहां कोई आपत्तिजनक सामग्री नहीं मिली। इन दुकानों के लाइसेंस नवीनीकृत पाए गए।

## आईपीएल सट्टे का ऑनलाइन जाल, निवेश के नाम पर तीन लाख की ठगी, चार आरोपित गिरफ्तार

राजगढ़,(ए.)। मध्यप्रदेश के राजगढ़ जिले के सारंगपुर थाना पुलिस टीम ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टे और निवेश के नाम पर की जा रही ठगी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से मोबाइल फोन और नगदी सहित लाखों रुपए का मशरूका बरामद किया है।थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि रविवार को फरियादी ने शिकायत दर्ज कराई कि नीलेश उर्फ रिंकू चैहान एवं जीतेश उर्फ जीतू चैहान निवासी छोटा चैक सारंगपुर ने निवेश के नाम पर उससे करीब 3 लाख रुपए लेकर ऑनलाइन आईपीएल सट्टे में धोखाधड़ी की। शिकायत पर पुलिस ने गंभीरता से जांच करते हुए दोनों आरोपितों को हिरासत में लिया। पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन और 1 लाख रुपए नगद जब्त किए गए।

## सुप्रीम कोर्ट से स्छहक्कपूजा पांडे को राहत, हवाला डकैती केस में मिली जमानत; जेल में बच्चे संग रह रही थीं




सिवनी (ए.)। सिवनी के बहुचर्चित हवाला डकैती कांड में मुख्य आरोपी और निलंबित एसडीओपी पूजा पांडे को सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से नियमित जमानत मिल गई। शीर्ष अदालत ने उनकी याचिका स्वीकार करते हुए राहत प्रदान की। इस फैसले के बाद प्रदेशभर में चर्चित यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है।

दरअसल, पूजा पांडे ने पहले मध्यप्रदेश हाईकोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी, लेकिन वहां से राहत नहीं मिलने पर उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि याचिकाकर्ता 22 वर्षीय महिला हैं और एकल माता भी हैं। उनका दो से तीन वर्ष का बच्चा भी जेल में उनके साथ रह रहा है। इन तथ्यों को ध्यान में रखते हुए अदालत ने उन्हें नियमित जमानत दे दी।

**पुलिस वर्दी और सरकारी गाड़ी के इस्तेमाल से मचा था हड़कंप**

पूरा मामला सिवनी जिले के खैरीटेक क्षेत्र में हुई कथित हवाला रकम की लूट से जुड़ा है। जांच एजेंसियों के अनुसार करीब तीन करोड़ रुपये की हवाला राशि को बेहद सुनियोजित तरीके से लूटा गया था। आरोप है कि वारदात को अंजाम देने के लिए पुलिस की वर्दी, सरकारी वाहन और हथियारों का इस्तेमाल किया गया था। इसी वजह से मामला प्रदेशभर में चर्चा का विषय बन गया था और पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठे थे। शुरुआती जांच में यह भी सामने आया था कि इस कथित डकैती की साजिश में पुलिस विभाग के कुछ अधिकारी और कर्मचारी भी शामिल थे। मामला उजागर होते ही पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया था। इसके बाद सरकार ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन कर जांच शुरू कराई थी।

**इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से जुड़े कई अहम खुलासे**

एसआईटी जांच के दौरान एजेंसियों ने मोबाइल लोकेशन, सीसीटीवी फुटेज, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और बैंकिंग ट्रांजैक्शन समेत कई महत्वपूर्ण प्रमाण जुटाए थे। पूछताछ में कई पुलिसकर्मियों के नाम सामने आने के बाद विभागीय कार्रवाई भी शुरू हुई। इसके बाद कई आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था।

जांच में यह भी सामने आया कि पूरी वारदात को पेशेवर तरीके से अंजाम देने की तैयारी की गई थी। आरोपियों ने कथित तौर पर हवाला रकम की मूवमेंट की जानकारी जुटाई और फिर पुलिसिया रौब का इस्तेमाल करते हुए रकम पर कब्जा कर लिया।

## जलसंकट पर संग्रामः इंदौर में पानी के लिए फोड़े मटके, विधायक ने दी महापौर के घर धरने की चेतावनी



इंदौर(ए.)। इंदौर में अब जलसंकट लगातार गहराता जा रहा है। शहर की पानी की टंकियां पूरी क्षमता से नहीं भर पा रही हैं, जिसके कारण कई इलाकों में पानी की भारी किल्लत हो गई है। स्थिति यह है कि पांच से छह मीटर क्षमता वाली टंकियां केवल दो से तीन मीटर तक ही भर रही हैं। इसका सीधा असर घरों तक पहुंचने वाले पानी पर पड़ रहा है और नलों में बेहद कम पानी आ रहा है। पानी की समस्या से परेशान होकर वीणा नगर और आसपास के क्षेत्रों के लोगों का गुस्सा सोमवार सुबह सड़कों पर फूट पड़ा।

**खाली मटके लेकर सड़क पर उतरे रहवासी**

पानी नहीं मिलने से नाराज बड़ी संख्या में महिलाएं और स्थानीय लोग खाली मटके और बर्तन लेकर सड़क पर उतर आए। लोगों ने पहले खाली मटके फोड़े और फिर सड़क पर बैठकर जोरदार नारेबाजी शुरू कर दी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि इलाके में न तो नियमित रूप से नलों में पानी आ रहा है और न ही टैंकरों के जरिए पर्याप्त जल वितरण किया जा रहा है। कांग्रेस नेता अमित पटेल और पार्षद राजू भदौरिया के साथ बड़ी संख्या में महिलाएं बस्ती से निकलकर सड़क पर बैठ गईं और वाहनों को रोकना शुरू कर दिया। देखते ही देखते सड़क पर वाहनों की लंबी कतार लग गई।

## सागर जिला ने मात्र 15 दिनों में मकान गणना का कार्य शत-प्रतिशत पूरा कर मध्यप्रदेश में रचा इतिहास

सागर, (ए.)। मध्य प्रदेश के सागर जिले ने विकास और प्रशासनिक दक्षता के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी प्रतिभा पाल के कुशल मार्गदर्शन में जिले में मकान गणना का महाअभियान रिकॉर्ड तोड़ गति से संचालित किया गया। सागर जिले ने सबसे अधिक एचएलबी की संख्या होने के बावजूद, मात्र 15 दिनों के भीतर इस जटिल कार्य को शत–प्रतिशत पूर्ण कर मध्य प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है, जो अपने आप में एक नया कीर्तिमान है। प्रशासनिक मुस्तैदी और सतत मॉनिटरिंग के फलस्वरूप जिले के सभी 4,362 से अधिक एचएलबी में मकान गणना का कार्य सफलतापूर्वक डिजिटल रूप से दर्ज कर लिया गया है। इस महाअभियान के तहत प्रगणकों ने जिले की 24 लाख से अधिक की आबादी वाले लगभग 7 लाख घरों तक अपनी सीधी पहुँच बनाई।

## 17 लाख कमीशन मांग रहा था शिक्षा विभाग का अफसर, पहली किश्त लेते पकड़ा गया; लोकायुक्त की बड़ी कार्रवाई



धार (ए.)। इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने धार जिला शिक्षा केंद्र के डीपीसी प्रदीप कुमार खरे को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपी शौचालय निर्माण परियोजना के पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले 17 लाख रुपये कमीशन मांग रहा था।

इंदौर लोकायुक्त पुलिस ने जिला शिक्षा केंद्र धार के जिला परियोजना समन्वयक प्रदीप कुमार खरे को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई समग्र शिक्षा केंद्र कार्यालय में की गई, जहां आरोपी अधिकारी निर्माण कार्य के पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने के बदले रिश्वत ले रहा था।

लोकायुक्त पुलिस के अनुसार, समग्र शिक्षा अभियान के तहत धार जिले के विभिन्न शासकीय विद्यालय परिसरों में 122 शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इस परियोजना के लिए करीब 3 करोड़ 42 लाख रुपये स्वीकृत किए गए थे। शिकायतकर्ता दिलीप साधव, जो जिला शिक्षा केंद्र धार में प्रभारी सहायक यंत्री के पद पर पदस्थ हैं, इस परियोजना की निगरानी कर रहे थे।

दिलीप साधव ने लोकायुक्त को शिकायत में बताया कि आरोपी प्रदीप कुमार खरे निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही पूर्णता प्रमाण पत्र पर हस्ताक्षर करने का दबाव बना रहे थे। इसके एवज में आरोपी ने कुल परियोजना राशि का 5 प्रतिशत, यानी लगभग 17 लाख रुपये कमीशन के रूप में मांगे थे। परेशान होकर शिकायतकर्ता ने इंदौर लोकायुक्त कार्यालय में पुलिस अधीक्षक राजेश सहाय से शिकायत की। शिकायत के सत्यापन में आरोप सही पाए जाने पर लोकायुक्त की विशेष ट्रैप टीम गठित की गई।

योजना के तहत जैसे ही शिकायतकर्ता ने समग्र शिक्षा केंद्र कार्यालय में आरोपी डीपीसी प्रदीप कुमार खरे को रिश्वत की पहली किश्त के रूप में एक लाख रुपये दिए, वहां पहले से तैनात लोकायुक्त टीम ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। आरोपी अधिकारी के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 2018 की धारा 7 के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

# व्यापार समाचार

## मिडिल ईस्ट तनाव से सोना-चांदी की कीमतों में गिरावट

### - सोना 551 रुपए और चांदी 3118 रुपए से अधिक लुढ़की

नई दिल्ली (ए.)। सोने और चांदी की कीमतों में सोमवार को बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। घरेलू मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) और अंतर्राष्ट्रीय कॉमेक्स (कॉमेक्स) दोनों पर कीमती धातुओं के भाव लाल निशान में कारोबार कर रहे हैं। खबर लिखे जाने तक घरेलू बाजार में सोना लगभग 1,58,550 रुपये और चांदी 2,68,750 रुपये प्रति किलोग्राम के करीब कारोबार कर रही थी, जो निवेशकों के लिए चिंता का विषय है।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोने के बेंचमार्क जून कॉन्ट्रैक्ट में सोमवार को बड़ी गिरावट देखने को मिली। यह कॉन्ट्रैक्ट 471 रुपये की कमजोरी के साथ 1,58,076 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 1,58,547 रुपये था। खबर लिखे जाने तक, यह 551 रुपये की गिरावट के साथ 1,57,996 रुपये पर कारोबार कर रहा था। दिन के कारोबार में इसने 1,58,341 रुपये का उच्च और 1,57,547 रुपये का निचला स्तर छुआ। गौरतलब है कि इस साल सोने ने 1,80,779 रुपये का सर्वोच्च स्तर भी छुआ था। इसी तरह एमसीएक्स पर चांदी के जुलाई कॉन्ट्रैक्ट ने भी सुस्त शुरुआत की। यह 4,486 रुपये की तेज गिरावट के साथ 2,67,400 रुपये प्रति किलोग्राम पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 2,71,886 रुपये था। वर्तमान में यह 3,118 रुपये टूटकर 2,68,768 रुपये पर कारोबार कर रहा है। दिन के दौरान इसका उच्चतम स्तर 2,69,890 रुपये और न्यूनतम स्तर 2,64,949 रुपये रहा। इस साल चांदी ने 4,20,048 रुपये प्रति किलोग्राम का रिकॉर्ड स्तर भी बनाया था। अंतर्राष्ट्रीय बाजार कॉमेक्स पर भी सोने और चांदी के वायदा भाव में नरमी का रुख बना रहा। कॉमेक्स पर सोना 4,547.60 डॉलर प्रति औंस पर खुला, जबकि पिछला बंद भाव 4,561.90 डॉलर था। खबर लिखे जाने तक, यह 27.40 डॉलर की गिरावट के साथ 4,534.50 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रहा था। चांदी भी 76.20 डॉलर प्रति औंस पर खुलने के बाद 2.49 डॉलर गिरकर 75.05 डॉलर प्रति औंस पर आ गई, जिसका पिछला बंद भाव 77.54 डॉलर था।



## रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर 96.25 डॉलर पर खुला

**– रुपया शुक्रवार को सर्वकालिक निचले स्तर 95.81 पर बंद हुआ था**




मुंबई (ए.)। रुपया सोमवार को कमजोर रुख के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में अपने अब तक के सबसे निचले स्तर 96.25 प्रति डॉलर पर आ गया। कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, वैश्विक अनिश्चितताओं और मजबूत डॉलर के कारण घरेलू मुद्रा पर दबाव है। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि कच्चे तेल की ऊंची कीमतों, मजबूत अमेरिकी डॉलर और जारी भू–राजनीतिक तनावों ने उभरते बाजारों की मुद्राओं को मुश्किल में डाल दिया है। रुपये पर इस तनाव का असर अब स्पष्ट नजर आ रहा है। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 96.19 प्रति डॉलर पर खुला। फिर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96.25 पर लुढ़क गया जो पिछले बंद भाव से 44 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया शुक्रवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 96 के स्तर तक लुढ़कने के बाद सर्वकालिक निचले स्तर 95.81 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 99.32 पर रहा।

## शेयर बाजार हल्की बढ़त पर बंद

### >>> सेंसेक्स 77 अंक ऊपर आया, निफ्टी 23,649.95 पर



मुंबई (ए.) । भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हल्की बढ़त पर बंद हुआ। सप्ताह के पहले ही कारोबारी दिन दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों से बाजार नीचे आया हालांकि इसके बाद हुई रिकवरी से दिन भर के करोबार के बाद बाजार बढ़त पर बंद हुआ। आज बीएसई सेंसेक्स ने दिन के निचले स्तर से 1,100 अंकों से ज्यादा जबकि एनएसई निफ्टी 50 ने दिन के निचले स्तर से 300 अंकों से ज्यादा की रिकवरी की । इसी कारण दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 77.05 अंक बढ़कर 75,315.04 पर बंद हुआ जबकि 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 6.45 अंक ऊपर आकर 23,649.95 पर बंद हुआ। आज प्रमुख बेंचमार्कों की तुलना में व्यापक बाजारों का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। निफ्टी स्मॉलकैप और निफ्टी मिडकैप इंडेक्स में गिरावट रही।

क्षेत्रवार देखें तो निफ्टी आईटी में 2.43 फीसदी की बढ़त रही और इसने अन्य क्षेत्रों से बेहतर प्रदर्शन किया। निफ्टी फार्मा, निफ्टी प्राइवेट बैंक और निफ्टी हेल्थकेयर के शेयर भी ऊपर आये जबकि निफ्टी मीडिया, निफ्टी कंज्यूमर ड्यूरेबल्स और निफ्टी पीएसयू बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा गिरावट रही। निफ्टी मेटल, निफ्टी ऑयल एंड गैस और निफ्टी रियल्टी शेयरों का प्रदर्शन भी अच्छा नहीं रहा।

वहीं निफ्टी50 इंडेक्स में टेक महिंद्रा, इंफोसिस, भारती एयरटेल, सन फार्मा, विप्रो, बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, एचसीएल टेक, टीसीएस और कोटक बैंक के शेयरों में सबसे ज्यादा तेजी रही जबकि टाटा स्टील, पावरग्रिड, एनटीपीसी, एसबीआई, बजाज–ऑटो, आयशर मोटर, ट्रेंट और मारुति के शेयरों सबसे ज्यादा गिरे। आज बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का कुल बाजार पूंजीकरण पिछले सत्र के 461 लाख करोड़ रुपए से घटकर 458 लाख करोड़ रुपए हो गया।


## पेट्रोल-डीजल के दाम में 3 की बढ़ोतरी का राजकोषीय स्थिति पर सीधा असर नहीं, रिपोर्ट में दावा

नई दिल्ली (ए.) । अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड की बढ़ती कीमतों के बीच तेल विपणन कंपनियों को हो रहे भारी नुकसान को कम करने के लिए पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में 3 रुपये प्रति लीटर का इजाफा किया गया है। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की रिसर्च रिपोर्ट इकोरैप के अनुसार, भले ही इस बढ़ोतरी से खुदरा महंगाई (सीपीआई) में फौरी तौर पर उछाल देखने को मिले, लेकिन देश की राजकोषीय स्थिति पर इसका कोई सीधा असर नहीं पड़ेगा।



## SBI: स्टेट बैंक के कर्मचारियों ने खोला मोर्चा; कोलकाता में धरना, 25-26 मई को देशव्यापी हड़ताल का एलान

नई दिल्ली (ए.)। ऑल इंडिया स्टेट बैंक ऑफ इंडिया स्टाफ फेडरेशन ने सोमवार को एक प्रमुख प्रशासनिक कार्यालय के सामने धरना दिया। यह धरना 16 सूत्री मांगों को लेकर आयोजित किया गया था। फेडरेशन ने 25 और 26 मई को भारतीय स्टेट बैंक में दो दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल का भी आह्वान किया है। सोमवार का यह आंदोलन फेडरेशन द्वारा पिछले सप्ताह शुरू किए गए राष्ट्रव्यापी विरोध प्रदर्शनों की श्रृंखला का हिस्सा था। यूनियन नेताओं के अनुसार, धरने में 100 से अधिक कर्मचारी शामिल हुए। फेडरेशन की कोलकाता सर्किल इकाई के नेताओं ने सभा को संबोधित किया। उन्होंने अपनी मांगों के पीछे के औचित्य को समझाया। सदस्यों से आने वाले दिनों में एक बड़े आंदोलन के लिए तैयार रहने को कहा गया। फेडरेशन ने आरोप लगाया कि कर्मचारियों के मुद्दों को सुलझाने के द्विपक्षीय तंत्र संतोषजनक नहीं हैं। उन्होंने समझौतों के गलत कार्यान्वयन या गैर–कार्यान्वयन का दावा किया। यूनियन ने बीमा उत्पादों की बड़े पैमाने पर गलत बिक्री का भी आरोप लगाया।




**क्या हैं कर्मचारियों के संगठन की मांगें?**

फेडरेशन की 16 सूत्री मांगों में उप–कर्मचारियों और सशस्त्र गार्डों की भर्ती शामिल है। बीमा उत्पादों की गलत बिक्री को रोकना भी एक मुख्य मांग है। साथ ही, कर्मचारियों के रिक्त पदों को तुरंत भरने की मांग की गई है। लक्ष्य और व्यावसायिक दबाव के कारण ग्राहकों को अनुपयुक्त उत्पाद बेचे जाने का आरोप है।

**आंदोलन के अगले चरण में क्या?**

आंदोलन कार्यक्रम के तहत फेडरेशन पहले ही कई विरोध प्रदर्शन कर चुका है। इनमें बैज पहनकर विरोध और दोपहर के भोजन के समय प्रदर्शन शामिल हैं। सांसदों और सरकारी अधिकारियों को ज्ञापन भी सौंपे गए हैं।

## SEBI: FY26 तक 22 शहरी निकायों ने बॉन्ड के जरिए जुटाए 4500 करोड़, सेबी प्रमुख ने बताया यह क्यों महत्वपूर्ण



नई दिल्ली (ए.)। ओडिशा के भुवनेश्वर में आयोजित एसोसिएशन ऑफ म्यूचुअल फंड्स (एएमएफआई) के कार्यक्रम में भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडे ने देश के पूंजी बाजार की अभूतपूर्व वृद्धि और बुनियादी ढांचे के वित्तपोषण के नए तरीकों पर जोर दिया। उन्होंने बताया कि बैंक और सरकारी सहायता के अलावा अब म्यूनिसिपल बॉन्ड देश भर में शहरी बुनियादी ढांचे के विकास के लिए वित्तपोषण का एक प्रमुख स्रोत बन रहे हैं।

**शहरी विकास का नया इंजन म्यूनिसिपल बॉन्ड**

सेबी प्रमुख के अनुसार, भारत में म्यूनिसिपल बॉन्ड का बाजार अभी शुरुआती चरण में है, लेकिन वित्त वर्ष 2026 (FY26) के अंत तक देश भर के 22 शहरी स्थानीय निकायों (यूएलबी) ने 31 इश्यू के जरिए कुल 4,500 करोड़ रुपये से अधिक की पूंजी जुटाई है।

उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश जैसे राज्यों ने शहरी स्तर के बुनियादी ढांचे और विकास कार्यों के लिए म्यूनिसिपल बॉन्ड का सफलतापूर्वक उपयोग किया है।

## सम्पादकीय

**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

# मुनाफा कमाने की प्रवृत्ति

दवा एवं मेडिकल उपकरणों की ऐसी कीमत तय की जा सकती है, जो कारखाना लागत से चार से पांच गुना अधिक हो। जबकि फिलहाल अस्पताल और रिटेलर इनको लागत से 10 से 25 गुना तक अधिक कीमत पर बेच रहे हैं।ये खबर आक्रोश जरूर पैदा करती है, मगर चौंकाने वाली बिल्कुल नहीं है, कि अस्पताल एवं खुदरा विक्रेता कुछ मेडिकल उपकरणों एवं दवाओं की फैक्टरी मूल्य या आयात लागत की तुलना में 25 गुना अधिक कीमत मरीजों से वसूल रहे हैं। प्राइवेट अस्पताल मरीजों को निचोड़ने का स्थल बन गए हैं, यह आम तजुर्बा बनता गया है। मगर बात इस हद तक पहुंच जाए कि दवा निर्माता कंपनियां ही इसकी शिकायत करने लगें, तो समझा जा सकता है कि हेल्थ केयर सेक्टर में मुनाफा कमाने की प्रएक खबार की रिपोर्ट के मुताबिक दवा निर्माता कंपनियों ने गुजरे तकरीबन दो साल में कई बार केंद्र को पत्र भेजा। उनकी सरकारी अधिकारियों के साथ बैठक भी हुई। इनमें दवा कंपनियों ने न्यूनतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) के ऊपर कमाये जा रहे मुनाफे की सीमा तय करने की मांग की। स्पष्टत: केंद्र ने इन गुजारिशों को गंभीरता से नहीं लिया। इस आधार पर कहा जा सकता है कि अस्पतालों और रिटेलर्स के अनुचित मुनाफे पर लगाम लगाना उसकी प्राथमिकता नहीं है। लगभग 300 दवा निर्माता कंपनियों के संगठन एसोसिएशन ऑफ इंडियन मेडिकल डिवाइसेज (एआईएमईडी) के पदाधिकारियों ने कहा है कि जो हो रहा है, मरीज उसको लेकर अंधेरे में हैं।एआईएमईडी ने सरकार को दी गई अर्जी में 'उचित, अधिक पारदर्शी, एवं मरीज केंद्रित मेडिकल उपकरण मार्केट' बनाने का अनुरोध किया था। इसमें कहा गया कि असल एमआरपी से अधिक कीमत वसूलने की प्रवृत्ति रोकी जानी चाहिए। मिसाल के तौर पर ड्रेसिंग, बैंडेज और प्लास्टर की ऐसी कीमत तय की जा सकती है, जो कारखाना लागत की तुलना में चार से पांच गुना अधिक हो। जबकि फिलहाल अस्पताल और रिटेलर इनको कारखाना लागत से 10 से 20 गुना अधिक कीमत पर बेच रहे हैं। एआईएमईडी ने नेशनल फर्मास्यूटिकल प्राइसिंग ऑथरिटी को भी पत्र लिखा, जिसे आवश्यक दवाओं की कीमत तय करने का अधिकार मिला हुआ है। मगर कहीं कोई चिंता ना देखने के बाद कंपनियों ने ये तथ्य मीडिया के जरिए सार्वजनिक किए हैं। उनका ये कदम काबिल-ए-तारीफ है। मगर सरकार के रुख को असंवेदनशील और लापरवाह ही कहा जाएगा।

# पेपर लीक का बम प्रधान पर फोड़ने की तैयारी में राहुल गांधी

**सनत जैन /**



लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के हाथ में नीट-यूजी पेपर लीक का बम आ गया है। यह ऐसा बम है, जिसमें लाखों युवा और उनके करोड़ों परिवारजन का भविष्य और नाराजी जुड़ी हैं। करोड़ों लोगों को प्रभावित करने वाले इस बम को लेकर, राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने लगातार परीक्षा पेपर लीक होने के मामले को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखते हुए, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस्तीफा लेने या बर्खास्त करने की सीधी मांग कर दी है। देश के विभिन्न राज्यों में पेपर लीक की 80 से ज्यादा घटनाएं हो चुकी हैं। नीट परीक्षा के 2024 में पेपर लीक हुए थे। इस परीक्षा में बड़ी संख्या में लोग 700 से ज्यादा अंक लेकर हजारों परीक्षार्थी पास हुए थे। जिनके एडमिशन एम्स और अन्य सरकारी मेडिकल कॉलेज में नीट परीक्षा परिणाम के बाद हुए थे। उस परीक्षा में भी बड़े पैमाने पर गड़बड़ी के आरोप लगे थे। उस समय यह मामला रफा-दफा हो गया था। सुप्रीम कोर्ट के बीच में आ जाने के कारण ना तो दोबारा परीक्षा हुई, ना ही परीक्षा परिणाम को लेकर सरकार ने कोई जांच कराई। नीट परीक्षा में लगातार गड़बड़ी की शिकायत आती रही है। देश में हजारों करोड़ों रुपए का यह ऐसा घोटाला है। जो एम्स और सरकारी मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के नाम पर पिछले कई वर्षों से चल रहा है। सरकारी मेडिकल कॉलेजों की फीस, निजी कॉलेजों की तुलना में बहुत कम होती है। प्राइवेट मेडिकल कॉलेजों की फीस लाखों रुपए प्रतिवर्ष तक पहुंचती है। ऐसी स्थिति में नीट परीक्षा के माध्यम से सरकारी मेडिकल कॉलेजों में दाखिला दिलाने के नाम पर कोचिंग सेंटर, दलाल इस गोरखधंधे में शामिल होकर करोड़ों रुपए की कमाई कर रहे हैं। परीक्षा से जुड़े लोगों को हर साल करोड़ों रुपयों की कमाई हो रही है। इस बार भी करीब 22 लाख छात्र-छात्राओं ने नीट के फॉर्म भरे थे। हजारों करोड़ों रुपए की फीस परीक्षार्थियों से वसूली गई। कोचिंग सेंटर में हजारों करोड़ों रुपए छात्र-छात्राओं ने खर्च किए हैं। कई छात्र-छात्राओं ने दो से तीन साल तक रात दिन मेहनत करके इस परीक्षा की तैयारी की थी। पेपर लीक हो जाने से सबके भविष्य में प्रश्न चिन्ह लग गया है। इस मामले को लेकर लगभग सभी राज्यों के युवा अब सड़कों पर आ गए हैं। दक्षिण के राज्यों ने अलग तरह से प्रवेश परीक्षा संचालित करने की बात करना शुरू कर दी है। अभी तक 80 बार से ज्यादा विभिन्न परीक्षाओं के पेपर लीक हो चुके हैं। युवा वर्ग इस समय काफी नाराज है। सभी राज्यों में बड़े पैमाने पर प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। ऐसी स्थिति में राहुल गांधी ही एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने खुलकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान का इस्तीफा लेने या बर्खास्त करने का दबाव प्रधानमंत्री पर बनाना शुरु कर दिया है। इस्तीफे के इस बम को आसानी से डिफ्यूज कर पाना केंद्र सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री के बस की बात नहीं होगी। इस बार इस लड़ाई में राहुल गांधी के साथ बड़े पैमाने पर युवा भी साथ में है। रही सही कसर सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश द्वारा बेरोजगारों और फर्जी डिग्री धारकों के लिए परजीवी होने तथा जो असंवेदनशील टिप्पड़ी की है, उसके बाद से युवाओं में नाराजी बढ़ गई है।

न्यायपालिका पर विश्वास भी एक तरह से कम हो गया है। जांच एजेंसी सीबीआई हमेशा छात्रों पर कार्यवाही करती है। व्यापम से लेकर अभी तक दर्जनों बार व्यापम और नीट के जो पेपर लीक हुए हैं, उसमें कार्यवाही हमेशा निर्दोष छात्रों के ऊपर हुई है। कभी किसी भी धंधेबाज और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्यवाही नहीं की गई है। नैतिकता या जिम्मेदारी के आधार पर कुर्सी पर बैठे हुए नेताओं ने कभी इस्तीफा नहीं दिया है। जिम्मेदार अधिकारियों पर भी कभी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। जिसके कारण युवा नाराज होकर सड़कों पर प्रदर्शन कर रहा है।

इस समय मंहगाई, बेरोजगारी तथा पेपर लीक को लेकर राहुल गांधी के हाथ में एक ऐसा मौका लग गया है, जिससे वह सरकार और केंद्रीय शिक्षा मंत्री को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं। 12 साल में पहली बार मोदी सरकार के किसी मंत्री से, विपक्ष ने इस्तीफा के लिए दबाव बनाया है।

यह दबाव खाली जाएगा, ऐसा दिखता नहीं है। राहुल गांधी अब विपक्ष की राजनीति करना सीख गए हैं। मौके का फायदा किस तरह से उठाया जाता है, यह जान गए हैं। वर्तमान स्थिति में छात्रों और युवाओं के गुस्से को देखते हुए धर्मेंद्र प्रधान को ढाल बनाकर इस्तीफा देने का दबाव बना चुकें हैं। आर्थिक संकट से घिरी सरकार पर राहुल गांधी लगातार हमले कर रहे हैं। इसकी परिणति किस रुप में होगी कहना मुश्किल है।

# (चिंतन-मनन) चिंतन सही हो

एक व्यक्ति ने अपने मित्र से साठ रूपए उधार लिए। कुछ दिनों बाद वह आया और बीस रूपए देकर बोला, सारे रूपए आ गए? मित्र ने कहा, साठ दिए थे और तुम बीस लौटा रहे हो, तो अभी चालीस रूपए बाकी रहेंगे। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, नहीं, दस और दस साठ होते हैं। मैंने साठ रूपए लौटा दिए हैं। मित्र ने कहा, भोले आदमी! दस और दस बीस ही होते हैं। तीस और तीस साठ होते हैं। उसने कहा, मैं इस बात को नहीं मानता। मैं तो यही मानता हूं कि दस और दस साठ होते हैं। मेरी मान्यता मेरे पास और तुम्हारी मान्यता तुम्हारे पास।

से मानने वाले को विधाता भी नहीं समझा सकता। गणित का नियम -दस और दस बीस होते हैं। कोई व्यक्ति इस गणित के नियम को जानने की बात छोड़कर मानने की बात को ही पकड़ बैठता है तो उसका कोई इलाज नहीं है। हम मानने की बात को छोड़ दें और जानें। सदा जानने का प्रयत्न करें। सदा जानें। हम विशिष्ट उपलब्धियों के लिए प्रयत्न करें। वे प्राप्त हों तो ठीक है, न हों तो कोई बात नहीं। पुरूषार्थ को सही दिशा में लगाएं। पुरूषार्थ निरंतर हमारा साथ दे। हम प्रयत्न को बंद न करें।

पुरूषार्थ को साथ लेकर चलें। मन और शरीर को विशेष आदेश दें। मन जो भटकता रहता है, अनेक प्रवृत्तियों में संलग्न रहता है, बहुत अधिक सक्रिय और गतिशील है, उस पर हम कुछ नियंत्रण करें। मन की सक्रियता को कम करें।

# मायावती की निष्क्रियता : क्या खत्म हो जाएगी बसपा?

**- दिलीप कुमार पाठक**

उत्तर प्रदेश की राजनीति में एक समय ऐसा था जब मायावती का नाम सुनते ही विरोधी दल अपनी रणनीति बदलने लगते थे। लेकिन आज जमीनी हकीकत पूरी तरह बदल चुकी है। देश की सियासत में यह चर्चा बहुत तेज है कि मायावती की जमीनी स्तर पर बढ़ती निष्क्रियता और पार्टी का लगातार गिरता वोट बैंक बहुजन समाज पार्टी यानी बसपा को खत्म होने की कगार पर ले आया है। नौबत यहां तक आ गई है कि बसपा से उसका राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा भी कभी भी छिन सकता है। अगर हम आंकड़ों को देखें, तो बसपा की हालत इस समय सबसे खराब दौर में है। देश और उत्तर प्रदेश के चारो सदनों को मिलाकर देखें तो पार्टी के पास अब नाममात्र के नेता बचे हैं। लोकसभा चुनाव में अकेले चुनाव लड़ने वाली बसपा का खाता तक नहीं खुला और देश के सबसे बड़े सदन में उसकी सीटें आज शून्य हैं। देश के उच्च सदन यानी राज्यसभा में बसपा का सिर्फ एक सांसद बचा है, जिनका कार्यकाल नवंबर 2026 में खत्म हो जाएगा। इसके बाद बसपा का कोई नया सांसद राज्यसभा नहीं जा पाएगा क्योंकि उत्तर प्रदेश विधानसभा में पार्टी के पास विधायक ही नहीं हैं।जिस उत्तर प्रदेश में कभी मायावती ने चार बार मुख्यमंत्री बनकर सरकार चलाई थी, आज वहां की 403 विधानसभा सीटों में से बसपा के पास केवल एक विधायक बचा है। वहीं, उत्तर प्रदेश विधान परिषद में भी बसपा की सीटें अब जीरो हो चुकी हैं। इस भारी गिरावट का सबसे बड़ा कारण मायावती की राजनीति करने का तरीका है।

# मियावकी वन तकनीक से हरित छत्तीसगढ़ की ओर बढ़ते कदम

## कम समय में घने जंगल तैयार कर पर्यावरण संरक्षण को मिल रही नई दिशा

**धनंजय राठौर,अशोक कुमार चंद्रवंशी**

वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावाकी तकनीक एक बेहद प्रभावी और लोकप्रिय विधि बन गई है। जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ. अकीरा मियावाकी द्वारा विकसित यह तकनीक केवल 2-3 वर्षों में बंजर भूमि को घने, आत्मनिर्भर सूक्ष्म वनों में बदल देती है। पारंपरिक वृक्षारोपण की तुलना में यह विधि 10 गुना तेजी से बढ़ती है और 30 गुना अधिक घने जंगल बनाती है, जो शहरी क्षेत्रों के लिए आदर्श है।

छत्तीसगढ़ में पर्यावरण संरक्षण और वन क्षेत्र बढ़ाने के लिए मियावकी वन तकनीक तेजी से अपनाई जा रही है। राज्य में वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग तथा छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड द्वारा इस तकनीक के जरिए शहरी क्षेत्रों, औद्योगिक क्षेत्रों और खनन प्रभावित इलाकों में बड़े पैमाने पर हरियाली विकसित की जा रही है। मियावकी पद्धति में स्थानीय प्रजातियों के पौधों को अधिक घनत्व में लगाया जाता है, जिससे मात्र 3 से 5 वर्षों में घना जंगल तैयार हो जाता है।

राज्य में तेजी से बढ़ रहा सघन वनीकरण

छत्तीसगढ़ में वर्ष 2022 से मियावकी पद्धति के तहत लगातार वृक्षारोपण किया जा रहा है। वर्ष 2022 में कोटा मण्डल में एनटीपीसी लिमिटेड के सहयोग से 1 हेक्टेयर क्षेत्र में 23 हजार पौधे तथा 0.3 हेक्टेयर में 7 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2023 में कोटा के भिल्मी क्षेत्र में 6.4 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधों का रोपण किया गया। वहीं गेवरा क्षेत्र में 2 हेक्टेयर भूमि पर 20 हजार पौधे लगाए गए। वर्ष 2024 में कोटा के उच्चभट्टी क्षेत्र में 3.2 हेक्टेयर में 32 हजार पौधे लगाए गए। इसके अलावा रायगढ़ मण्डल के तिलईपाली और छाल क्षेत्रों में कुल 3.75 हेक्टेयर भूमि पर 37 हजार 500 पौधों का सफल रोपण किया गया।

वर्ष 2025 में कई महत्वपूर्ण परियोजनाएं जारी

वर्तमान में राज्य के कई क्षेत्रों में वृक्षारोपण कार्य तेजी से जारी है। बारनवापारा मण्डल में 'हरियर छत्तीसगढ़' योजना के तहत 6 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। कोरबा और रायगढ़ क्षेत्रों में साउथ इस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के सहयोग से 4 हेक्टेयर क्षेत्र में 40 हजार पौधों का रोपण किया जा रहा है। वहीं विशेष परियोजनाओं के अंतर्गत महानदीकोलफील्ड लिमिटेड द्वारा 1.9 हेक्टेयर भूमि पर 64 हजार पौधे लगाए जा रहे हैं। इसके साथ ही अरपा नदी के किनारे भी बड़े पैमाने पर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र का विस्तार किया जा रहा है।

पर्यावरण संरक्षण में मिल रहे बहुआयामी लाभ

विशेषज्ञों के अनुसार मियावकी वन सामान्य जंगलों की तुलना में अधिक कार्बन अवशोषित करते हैं। इससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने में मदद मिलती है। यह तकनीक वायु और ध्वनि प्रदूषण को कम करने, भू-जल स्तर सुधारने और मिट्टी संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। इन वनों की शुरुआती वर्षों में देखभाल की जाती है, जिसके बाद ये जंगल स्वत: विकसित होने लगते हैं। इससे रखरखाव की लागत कम होती है और लंबे समय तक पर्यावरणीय लाभ मिलता है।

बंजर डंप क्षेत्र से हरित जंगल बनने की ओर गेवरा की प्रेरक पहल

छत्तीसगढ़ राज्य वन विकास निगम लिमिटेड ने पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक अनूठी पहल करते हुए कोरबा जिले के गेवरा क्षेत्र के 12.45 हेक्टेयर डंप क्षेत्र में 33 हजार 935 मिश्रित प्रजातियों के पौधों का सफल रोपण किया है। वन मंत्री केदार कश्यप ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि राज्य सरकार पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए लगातार प्रभावी कदम उठा रही है।

जहां हरियाली संभव नहीं थी, वहां तैयार हो रहा जंगल

कोयला खनन के बाद डंप क्षेत्रों में उपजाऊ मिट्टी नीचे दब जाती है और ऊपर पत्थर, कोयला अवशेष तथा अनुपजाऊ मिट्टी रह जाती है। ऐसे क्षेत्रों में पौधों का उगना बेहद कठिन माना जाता है। लेकिन वैज्ञानिक पद्धति और सतत प्रयासों से इस बंजर भूमि को अब हरियाली में बदला जा रहा है।

वैज्ञानिक तरीके से किया गया पौधारोपण

डंप क्षेत्र की कठिन परिस्थितियों को देखते हुए मिट्टी को उपजाऊ बनाने के लिए वर्मी कम्पोस्ट, नीमखली और डीएपी का उपयोग किया गया। जीपीएस सर्वे और सीमांकन के बाद व्यवस्थित गड्ढे तैयार किए गए तथा 3 से 4 फीट ऊंचाई वाले स्वस्थ पौधों का रोपण किया गया। इस क्षेत्र में नीम, शीशम, सिरस, कचनार, करंज, आंवला, बांस, महोगनी, महुआ और बेल जैसी विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए हैं। इससे आने वाले समय में यह क्षेत्र पक्षियों और अन्य वन्य जीवों के लिए भी उपयुक्त आवास बन सकेगा।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए बेहद खास पल लेकर आया है। भाई और माता से सहयोग मिलेगा, आपका पराक्रम बढ़ेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य को निर्धारित समय में संपन्न करेंगे। खान पान का उचित ध्यान रखें।

वृष राशि: आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। घर की सफाई अथवा नवीनीकरण के कार्यों में व्यस्त रहेंगे। आप अपनी कार्यक्षमता को दूसरों के आगे साबित कर पाने में सफल होंगे। पिता व गुरुजनों से सम्मान प्राप्त होगा। व्यापारिक वर्ग की निराशा आशा में परिवर्तित होगी, नये-नये प्रोजेक्ट मिलेंगे। आज विदेश में रह रहे आपके दोस्त आपको वहां आने का निमंत्रण दे सकते हैं या फिर काम के सिलसिले में भी आपको वहां बुलाया जा सकता है।

मिथुन राशि: आज आपका दिन एक नई उमंग लेकर आएगा। आपके लिए आय के नए द्वार खुलने की संभावना है। छात्रों को शिक्षा में आश्चर्यजनक परिणाम मिल सकते हैं। आपके घर में सुख शांति का माहौल बनेगा। आपकी आध्यात्मिक और धार्मिक मामलों में रुचि बढ़ेगी। किसी मित्र की सहायता से आपके बिगड़े हुए कार्य बनेंगे और पिछले किये गए प्रयासों में सफलता मिलेगी। जमीन संबंधी कार्य में पैसा लगाने से फायदा मिल सकता है। कामकाज में भी उत्साह बने रहने के संकेत हैं।

कर्क राशि: आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। सार्वजनिक एवं प्रोफेशनल कार्यों में अनुकूल संयोग बनेंगे। किसी समस्या को दूर करने के लिए परिवार के सदस्यों के साथ बैठकर विचार विमर्श करेंगे। हर काम समय पर पूर्ण होने से आनंद का अनुभव होगा। धन की कमी दूर होने से आर्थिक स्थिति मजबूत बनेगी।

सिंह राशि: आज आपका दिन उत्तम रहेगा। आज आपका मन कुछ उलझन में रहेगा, लेकिन जीवनसाथी के साथ बातों को शेयर करने से सब ठीक हो जायेगा। आज जल्दबाजी में महत्वपूर्ण निर्णय ना लें, इसके बारे में अच्छी तरह से सोच लें। दोस्ती के रिश्तों में और प्रगाढ़ता आएगी।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए मिला जुला अनुभव देने वाला रहेगा। सकारात्मक सोच व संतुलित दृष्टिकोण से आप असंभव कार्यों को भी संभव कर पाएंगे। विद्यार्थियों को मनचाही सफलता पाने के लिए थोड़ी और मेहनत करने की जरूरत है, सफलता के योग भी बने हुये हैं।

तुला राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपके पारिवारिक रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। आज आपकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी। ऑफिस में कुछ कार्यों की जिम्मेदारी आपको दी जायेगी, जिसे पूरा करने में आप सफल होंगे। खान पान की तरफ भी आपको ध्यान देने की आवश्यकता है।

वृश्चिक राशि: आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। संतान पक्ष से मन को संतोष मिलेगा। जो लोग नया बिजनेस शुरू करना चाहते हैं या नौकरी में नए अवसर खोज रहे हैं, उनके लिए अनुकूल समय है। आज किसी काम को लेकर आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा। आज ऑफिस में आपकी पर्सनालिटी की तारीफ होगी। आज आपको जो भी बेहतर परिणाम हासिल होंगे, उसमें आपकी योग्यता और दूर दृष्टि की प्रमुख भूमिका होगी।

धनु राशि: आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आपके सामने जो भी कठिन मामले हैं, उन पर बातचीत कर सकते हैं। आज आप जितनी मेहनत करेंगे, आने वाले दिनों में आपको उतना ही फायदा होगा। आपका पूरा ध्यान अपने महत्वपूर्ण कामों पर रहेगा। कई तरह की जिम्मेदारी वाले काम आपके सामने रहेंगे। आज अचानक ही कुछ खास काम करने की योजनाएं आपके दिमाग में आ सकती हैं।

मकर राशि: आज आपका दिन बेहतरीन है। आज सोचे हुए काम करने के लिए और अपनी योजनाओं को पूरा करने के लिए दिन अच्छा रहेगा। किसी रुके हुये काम को पूरा करने में किस्मत का साथ मिलेगा। आज आपको अपने गुण और काम की वजह से सम्मानित किया जायेगा। समाज में प्रतिष्ठा बढ़ सकती है। आज जो जिम्मेदारी मिलेगी, उसे पूरा करने में सक्षम रहेंगे। घर और ऑफिस में शांति महसूस करेंगे।

कुंभ राशि: आज आपका दिन शानदार रहेगा। आज आपकी कम्युनिकेशन की क्षमता दूसरों को प्रभावित करेगी, जिससे आपको फायदा होगा। नतीजों की चिंता किए बिना मेहनत करेंगे तो कामयाबी अवश्य मिलेगी।

मीन राशि: आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। आज आपका ध्यान केवल और केवल अपने काम के प्रति रहेगा, इसके लिए आप कठोर परिश्रम भी करने के लिए तैयार रहेंगे। आप ज्यादा लोगों से जुड़े रहेंगे, लोग भी आपकी सहायता करने के लिये तत्पर रहेंगे।

# ओ पी की विकासपरक राजनीति बनाम सिंदूर पार्क ऑक्सीजोन

**मुकेश जैन**

किसी शहर का सर्वांगीण विकास एक जटिल और श्रम-साध्य मसला है, विशेषकर किसी पुराने बसाहट वाले शहर का व्यवस्थित विकास बहुत ही पेचीदा होता है। इसके लिये शहरवासियों की जरूरतों की ठीक-ठीक समझ, वहाँ की पारिस्थितिक विशेषताओं, सांस्कृतिक परिवेश, परंपराओं व विरासत के साथ संतुलन स्थापित करना , इसके ठीक समानांतर आधुनिक भविष्य की जरूरतों के साथ भी तालमेल कायम रख पाना और इन सबके बीच ठोस व समयबद्ध कार्ययोजना का निर्माण तथा योजनाओं को धरातल पर उतारने का आवेगपूर्ण संकल्प, सभी का एकजायी होना आवश्यक होता है। यह सुखद संयोग है कि रायगढ़वासियों को इन सभी विशिष्ट योग्यताओं से परिपूर्ण ओ पी चौधरी का कुशल नेतृत्व मिला है और इस अंचल से दिली-लगाव रखने वाले विष्णु देव साय मुख्यमंत्री के रूप में हमारे साथ हैं। कहते हैं कि जब नेतृत्व सबल, नियत साफ और सोच बड़ी हो तो जनता के सपनों को न केवल पंख लग जाते हैं वरन एक-एक करके सपने साकार भी होने लगते हैं। रायगढ़ में विगत ढाई वर्षों से चल रहे विकास कार्यों की लंबी श्रृंखला इसकी बानगी है। इस श्रृंखला की एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में शहर के हृदय स्थल में नवनिर्मित बेहतरीन ऑक्सीजोन कल मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के करकमलों से आमजनता को अर्पित हुआ है। निश्चित रूप से यह अवसर रायगढ़ के नव-विकास के शिल्पी ओ पी चौधरी की पीठ थपथपाने और हमारे लाड़ले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त करने का क्षण है। यह रायगढ़ के चेहरे पर एक मीठी व लम्बी मुस्कान बिखरने का क्षण है।

अतीत की उपेक्षा और नया संकल्प- जब हम रायगढ़ के अतीत पर नजर डालते हैं तो हम पाते हैं कि मध्यप्रदेश के धूर-पूर्वी छोर का अंतिम शहर होने के कारण हमारा रायगढ़ दशकों तक भोपाल में बैठे नीति-निर्धारकों की दृष्टि से लगभग ओझल ही रहा। रायगढ़ को 1901 में नगरपालिका परिषद का दर्जा मिला। तब से लेकर 2001 तक 100 वर्षों के लंबे कालखण्ड में रायगढ़ बेहद मंथर गति से यात्रा करता रहा। मध्यप्रदेश के बड़े शहरों की ओट में दुबक कर रायगढ़ यथास्थिति में रहने का अभिशाप झेलता रहा। हमारे आस-पास के रायपुर, बिलासपुर, भिलाई, दुर्ग भी विकास के मामले में हमसे काफी आगे निकल गये। अटल जी द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य की सौगात दिये जाने के बाद परिस्थितियां बदली। 2002 में रायगढ़ को निगम का दर्जा हासिल हुआ। 2003 में नये नेतृत्व को काम करने का मौका मिला और रायगढ़ उपेक्षा के दौर से बाहर निकलकर विकास की दहलीज छूने लगा। इस दौर में कतिपय उल्लेखनीय काम जरूर हुये लेकिन 100 वर्षों के बैकलॉग के सामने ये नाकाफी थे। चूंकि लंबे समय की जड़ता थी इसलिये विकास की मुख्यधारा में लाने के लिये फुटकर प्रयासों से काम नहीं चलने वाला था। उसे एकमुश्त बड़ी छलांग लगाने की जरूरत थी और इस सिद्धि के लिये रायगढ़ किसी ताकतवर एवं सक्षम उद्धारक की बांट जोह रहा था। उनकी वर्षों की यह तलाश ओ पी चौधरी तक आकर पूर्ण हुई है। रायगढ़ के वृहत काया-कल्प हेतु चल रहे सौ से अधिक महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स और उन पर ताबड़-तोड़ एक्शन इस बात के जीवंत प्रमाण हैं। विगत दो-ढाई वर्षों के अनथक क्रियाकलापों से ओ पी ने एक ही राजनीति- विकास की राजनीति के मूलमंत्र को कार्य रूप में सिद्ध करके दिखाया है।

विकास अपने-आप में एक विस्तृत व बहुआयामी अवधारणा है। ओ पी चौधरी के लिये विकास का आशय केवल बड़े व मेगा प्रोजेक्ट्स को मूर्तरूप देने तक सीमित नहीं है वरन आम लोगों के आर्थिक व सामाजिक जीवन का उत्थान व जीवन की गुणवत्ता में सकारात्मक बदलाव उनके लिये विकास का असली पैमाना है। विकास कार्यों की लंबी श्रृंखला- नालन्दा परिसर, केलो-नहर निर्माण, प्रस्तावित रिंग रोड, मेरीन ड्राइव, स्टेडियम का उन्नयन, हॉर्टिकल्चर कॉलेज, प्रयास विद्यालय, आधुनिक बस स्टैंड, रेल्वे स्टेशन का आधुनिकीकरण, सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, सीवरेज, सड़क, पुल-पुलियों के साथ ही पहाड़ मंदिर का ईको-सेंटर की तर्ज पर विकास , उर्दना में नगर -वन की स्थापना और शहर के चारों ओर अलग-अलग ऑक्सीजोन का निर्माण यह दर्शाता है कि ओ पी चौधरी लोगों के जीवन में गुणवत्तापूर्ण बदलाव को लेकर कितने संजीदा हैं।

**बहुपयोगी सुविधाओं से लैस ऑक्सीजोन -** शहर के बीचों- बीच इतवारी बाजार और कृषि-उपज मंडी का बड़ा भूखंड लगभग अनुपयोगी सा पड़ा था। इस पर कभी मल्टीस्टोरी शापिंग काम्प्लेक्स व मल्टी लेबल आधुनिक पार्किंग की योजना बनी और कभी ऑडिटोरियम निर्माण की योजना बनी लेकिन विभिन्न विभागों में सामंजस्य की कमी और राजनीतिक अड़ंगेबाजी के कारण कोई भी योजना परवान नहीं चढ़ सकी। इस बेशकीमती भूखंड का व्यावसायिक उपयोग करके शासन इसे बड़े आर्थिक रिटर्न व एक नियमित आय का जरिया बना सकती थी लेकिन ओ पी चौधरी ने इसे आम जनता के हितार्थ ऑक्सीजोन के लिये चुना और इसके बहुपयोगी स्वरूप की परिकल्पना की तो उसके पीछे गहरी सोच व गूढ़ निहितार्थ हैं। शहर के आस-पास उद्योगों की स्थापना, शहर के भीतर वृहत कांक्रीटीकरण और बड़ी संख्या में वाहनों की आवाजाही आदि कारणों से शहर में कार्बनडाइऑक्साइडका स्तर अपेक्षाकृत अधिक होता है। अलग-अलग स्थानों में ऑक्सीजोन के निर्माण के द्वारा ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाना आम तौर पर पर्यावरणीय संतुलन कायम करने का एक समाधानकारक व बेहतर विकल्प होता है। नवनिर्मित ऑक्सीजोन में विशेषज्ञों की सलाह पर अधिक ऑक्सीजन उत्सर्जन करने वाले पेड़-पौधे लगाये गये हैं, बच्चों के मनोरंजन हेतु झूले-फिसलपट्टी आदि की व्यवस्था है, योग हेतु अलग मंच, ओपन एयर थिएटर सहित वॉकिंग ट्रैक भी है। इससे लगकर एक गेम- जोन व फूडकोर्ट और व्यवस्थित पार्किंग का निर्माण भी किया गया है। संक्षेप में, जहां एक ओर यह ऑक्सीजोन काफी हद तक प्रदूषण से राहत देने वाला केंद्र होगा वहीं दूसरी ओर यह सैर-सपाटे, योग, स्वच्छ हरित पट्टिका, वॉकिंग, कला मंचन आदि की सुविधाओं से लैस उपयोगी स्वास्थ्य केंद्र , कम्युनिटी मीटिंग और कलात्मक व सांस्कृतिक मेल-जोल के केंद्र के रूप में भी उपयोगी सिद्ध होगा।





# सीजेआई ने सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से डिजिटल माध्यम से सुनवाई का आग्रह किया

नई दिल्ली । प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) सूर्यकांत ने सोमवार को कहा कि उन्होंने पश्चिम एशिया संकट के मद्देनजर अनावश्यक खर्च में कटौती करने के लिए सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से फिलहाल सोमवार और शुक्रवार को 'डिजिटल' माध्यम से सुनवाई करने का आग्रह किया है.

शीर्ष अदालत ने 15 मई को, सोमवार और शुक्रवार को केवल वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मामलों की सुनवाई करने का निर्णय लिया। न्यायाधीशों ने ईंधन के इष्टतम उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए एक-दूसरे के वाहन से न्यायालय आने-जाने की व्यवस्था को प्रोत्साहित करने का ''सर्वसम्मति से संकल्प'' लिया.पश्चिम एशिया संकट के कारण अनावश्यक खर्चों में कटौती करने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आह्वान के बाद यह कदम उठाया गया.सोमवार को, वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने एक मामले की सुनवाई के दौरान प्रधान न्यायाधीश के इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा कि प्रौद्योगिकी का एकीकरण हुआ है और ऑनलाइन सुनवाई के दौरान न्यायाधीशों ने ''अतिरिक्त धैर्य'' दिखाया.रोहतगी ने कहा, ''मैं ऑनलाइन सुनवाई के लिए प्रधान न्यायाधीश की सराहना करता हूं, क्योंकि आज सभी अदालतों में यह सुचारू रूप से संपन्न हुई.''उन्होंने कहा, ''मैं इस कदम के लिए प्रधान न्यायाधीश की प्रशंसा करता हूं. मैं सभी उच्च न्यायालयों से भी इसका अनुसरण करने का आग्रह करता हूं.''उन्होंने कहा कि डिजिटल माध्यम से सुनवाई से न्यायिक प्रक्रिया में कोई बाधा नहीं आई और ''सभी न्यायाधीशों ने अतिरिक्त धैर्य दिखायाझ. वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से



सुनवाई सुगमता से संपन्न हुई.''सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने भी इससे सहमति जताते हुए कहा, ''मैं अपने विद्वान मित्र की इन बातों से सहमत हूं.''

प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''शुक्रवार को ही मैंने सभी उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से आग्रह किया था कि यदि संभव हो, तो वे फिलहाल ऑनलाइन सुनवाई करें.''सोमवार और शुक्रवार, विविध मामलों के लिए आरक्षित दिन होते हैं.

## वीडी सतीशन ने ली सीएम पद की शपथ, राहुल, प्रियंका और खरगे समेत कांग्रेस के तमाम बड़े नेता रहे मौजूद



नई दिल्ली (आरएनएस)। केरल के नए मुख्यमंत्री के रुप में वीडी सतीशन ने पद की शपथ ली। तिरुवनंतपुरम के सेंट्रल स्टेडियम में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में राज्यपाल ने उन्हें शपथ दिलाई। शपथ ग्रहण समारोह में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए।

वीडी सतीशन के शपथ ग्रहण के साथ ही केरल में सीपीआई(एम) के दिग्गज नेता पिनाराई विजयन के एक दशक लंबे शासन का औपचारिक रूप से अंत हो गया। दिवंगत पूर्व मुख्यमंत्री ओमन चांडी के नेतृत्व में कांग्रेस के आखिरी बार सत्ता में आने के 15 साल बाद कांग्रेस नेतृत्व वाला यूडीएफ सत्ता में लौट आया है। कांग्रेस नेताओं ने इस शपथ ग्रहण को केरल में एक नए राजनीतिक युग की शुरुआत के रूप में वर्णित किया हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस अवसर पर कहा कि ये केरल की ऐतिहासिक जीत है और हम सभी को इसकी बहुत खुशी है।

उन्होंने कहा कि केरल के लोगों के लिए बहुत खास दिन है क्योंकि 10 साल के बाद यूडीएफ सत्ता में आ रही है। एलडीएफ का 10 साल का शासन जनता ने अस्वीकार कर दिया है। अब ये हमारी जिम्मेदारी है कि केरल के लोगों को अच्छी सरकार दें। बता दें कि हाल ही में संपन्न चुनाव में यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट (यूडीएफ) ने जबरदस्त वापसी करते हुए 140 सदस्यों वाली विधानसभा में 102 सीटें जीतीं, जबकि अकेले कांग्रेस ने रिकॉर्ड 63 सीटें हासिल कीं, जो राज्य में उसका अब तक का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन है।

### सिरफिरे आशिक की दरिंदगी :

## शादी से इनकार करने पर सो रहे परिवार पर फेंका तेजाब, पति-पत्नी और दो बच्चे झुलसे

बरेली ,(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां के शेरगढ़ इलाके में एक सिरफिरे आशिक ने एकतरफा प्यार में अंधी दरिंदगी दिखाते हुए पूरे परिवार को तेजाब से नहलाने की कोशिश की। इस भयानक हमले में एक महिला, उसका पति और उनके दो मासूम बच्चे गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका इलाज चल रहा है। मच्छरदानी लगाकर सो रहे परिवार पर छत से फेंका ज्वलनशील पदार्थयह रूह कंपा देने वाली घटना शनिवार तड़के करीब 6 बजे की है। भीषण गर्मी की वजह से पीड़ित परिवार अपने घर के बरामदे में मच्छरदानी लगाकर सो रहा था। पुलिस के मुताबिक, इसी दौरान आरोपी दबे पांव छत के रास्ते घर में घुसा और उसने मच्छरदानी के ऊपर से ही परिवार पर कोई खतरनाक ज्वलनशील पदार्थ (तेजाब) फेंक दिया। तरल पदार्थ के छींटे पड़ते ही परिवार के चारों सदस्य बुरी तरह झुलस गए और उनकी चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग इकट्ठा हो गए।मीरगंज के पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि जांच में आरोपी की पहचान उमेश कश्यप के रूप में हुई है। पूछताछ में यह चौंकाने वाला सच सामने आया है कि आरोपी उमेश पहले से ही शादीशुदा है, लेकिन इसके बावजूद वह लक्ष्मी देवी (पीड़िता) से शादी करना चाहता था।

## युवती को 6 टुकड़ों में काटा, 5 ट्रेन में मिले, सिर गायब; बक्से में धड़ और हाथ-पैर पॉलिथीन में पैक


लखनऊ ,(आरएनएस)। यूपी की राजधानी लखनऊ में एक युवती की बड़ी बेरहमी से हत्या कर शव को छह टुकड़ों में काटने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हत्यारों ने उसके सिर कटे धड़ को बक्से में और हाथ व पैर को पॉलिथीन में पैक कर बैग में रखकर छपरा-गोमतीनगर एक्सप्रेस की स्लीपर बोगी में छोड़ दिया। लखनऊ के गोमतीनगर रेलवे स्टेशन पहुंची तो मामले का खुलासा हुआ। शव के पांच टुकड़े बरामद हुए, लेकिन सिर गायब है। जीआरपी के अनुसार, ट्रेन गोमतीनगर स्टेशन पहुंची, तो स्लीपर कोच एस-1 में लावारिस बक्सा और बैग पड़े होने की सूचना मिली। बक्सा खोला गया, तो उसमें 25-30 वर्ष की आयु की महिला का धड़ मिला, जिससे लोग सन्न रह गए। पास रखे बैग से पॉलीथीन में पैक हाथ-पैर बरामद हुए। जांच के लिए तत्काल फोरेंसिक टीम बुलाई गई।

## यूपी पंचायत चुनाव का रास्ता साफ, योगी कैबिनेट ने पिछड़ा वर्ग आयोग समेत 12 प्रस्तावों को दी मंजूरी

लखनऊ, (आरएनएस)। उत्तर प्रदेश में योगी आदित्यनाथ मंत्रिमंडल विस्तार और नये आठ मंत्रियों को विभाग आवंटन के बाद बाद आयोजित यूपी कैबिनेट में सोमवार को 12 प्रस्तावों को मंजूरी प्रदान की गई।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सरकारी आवास पर आयोजित कैबिनेट की बैठक में 12 प्रस्ताव रखे गए थे और सभी को हरी झंडी दे दी गई। योगी आदित्यनाथ कैबिनेट के फैसलों से यह तो तय है कि सरकार चुनावी दौर और विकास दोनों को साधने की तैयारी में है। यूपी कैबिनेट की बैठक में बड़ा प्रस्ताव पिछड़ा वर्ग आयोग के गठन का था, जिसको भी मंजूरी प्रदान की गई। योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में यूपी कैबिनेट की बैठक में ओबीसी आरक्षण के लिए पिछड़ा वर्ग आयोग बनाने का फैसला लिया गया।इसके साथ लोकतंत्र सेनानियों के लिए कैशलेस इलाज समेत 12 प्रस्तावों को स्वीकृति दी गई है। कैबिनेट ने ओबीसी आरक्षण के लिए समर्पित पिछड़ा वर्ग आयोग बनाने और लखनऊ और आगरा मेट्रो विस्तार के लिए भूमि आवंटन के एमओयू को मंजूरी दी है।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नॉर्वे के ओस्लो में नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनास गहर स्त्रे से मुलाकात की।

## केंद्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह ने चखा बस्तर की इमली का स्वाद बोले यहां की इमली का स्वाद खट्टा नहीं बल्कि मीठा

रायपुर ,(आरएनएस) ।केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह सोमवार को बस्तर जिले के नेतानार ग्राम में सीआरपीएफ कैम्प पहुँचे। यहाँ उन्होंने शहीद वीर गुंडाधूर सेवा डेरा ( जन सुविधा केंद्र ) का उद्घाटन किया । अमित शाह ने इमली प्रसंस्करण केंद्र में प्रशिक्षण पा रही स्व सहायता समूह की महिलाओं से जाना कि कैसे वे इमली बिक्री कर अपनी आय में वृद्धि कर रही हैं। श्री शाह ने बस्तर की इमली का स्वाद चखा और कहा कि यहां की इमली में बहुत मिठास है। समूह की श्रीमती लंबी नाग ने बताया कि इस समूह से जुड़कर वे सालाना एक लाख रु तक आय अर्जित कर सकेंगी । गुंडाधूर महिला स्व सहायता समूह में महिलाएं इमली का प्रसंस्करण करके उच्च गुणवत्ता युक्त इमली पल्प तैयार कर रही हैं।

वे सेवा सेतु केंद्र पहुँचे। यहां वे ग्राम नेतानार निवासी श्रीमती सुखदेवी से मिले। सुखदेवी ने बताया कि उन्होंने अभी अपनी पांच माह की बेटी पद्मा का आधार कार्ड बनवाया है। आधार सेवा केंद्र खुलने से पहले उन्हें 10 किलोमीटर पैदल चलकर नानगुर तक



जाना पड़ता था ।अब यहां पर ग्रामीणों को नया आधार, आधार अपडेट, केवायसी, मोबाइल नम्बर अपडेट, ई-आधार जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी ।सेवा सेतु केंद्र में श्रीमती सोनामनी ने बताया कि वे बहुत दिन महतारी वंदन योजना का ई के वाय सी कराना चाहती थीं लेकिन दूरी अधिक होने के कारण वे जा नहीं पा रहीं थीं। गांव में ही केंद्र खुल जाने के कारण आज ही उन्होंने ई के वाय सी करा लिया है । उल्लेखनीय है कि ग्रामीण यहां पर विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन प्रमाण पत्र का लाभ ले सकेंगे ।इस केंद्र में जन्म, आय, जाति आदि प्रमाण पत्र आसानी से एक ही जगह बनाये जा सकेंगे ।

## मंदिर विवाद में महिला के काटे बाल, अर्धनग्न कर पहनाई चप्पलों की माला; फिर वायरल कर दिया शर्मनाक वीडियो

उल्हासनगर (आरएनएस)। महाराष्ट्र के उल्हासनगर से एक रोंगटे खड़े कर देने वाला और बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। यहां विट्ठल वाड़ी इलाके में कुछ लोगों ने क्रूरता की सारी हदें पार करते हुए एक महिला के साथ अमानवीय व्यवहार किया। आरोप



है कि मामूली विवाद के बाद दबंगों ने महिला के बाल काट दिए और उसे अर्धनग्न करके चप्पलों की माला पहनाकर पूरे इलाके में घुमाया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया है।जानकारी के मुताबिक, यह पूरा बवाल मंदिर में प्रवेश करने को लेकर शुरू हुआ था। बताया जा रहा है कि एक ही समुदाय के दो परिवारों के बीच मंदिर में जाने को लेकर कहासुनी हुई थी। यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक पक्ष के लोग पूरी तरह हैवानियत पर उतारू हो गए। गुस्से में अंधी हो चुकी भीड़ ने महिला को निशाना बनाया और उसके साथ सरेआम इस दर्दनाक और अपमानजनक कृत्य को अंजाम दिया।घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने तुरंत कड़ा एक्शन लिया है। उल्हासनगर के एसीपी शैलेश काले ने बताया कि इस अमानवीय कृत्य में शामिल सात लोगों के खिलाफ कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए अब तक दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि बाकी फरार आरोपियों की तलाश के लिए पुलिस की कई टीमें लगातार छापेमारी कर रही हैं।

## बच्चा पैदा होने पर इस राज्य की सरकार देंगी 40,000 रुपये, जानिए क्यों दिया जा रहा बढ़ावा

अमरावती,(आरएनएस)। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू द्वारा तीसरे और चौथे बच्चे के लिए वित्तीय प्रोत्साहन की घोषणा राज्य में लगातार घटती प्रजनन दर (टीएफआर) को लेकर बढ़ती चिंता के बीच की गई है।

श्रीकाकुलम जिले में एक जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि सरकार तीसरे बच्चे के लिए 30,000 रुपये और चौथे बच्चे के लिए 40,000 रुपये देगी। संयुक्त आंध्र प्रदेश में 1995 से 2004 तक मुख्यमंत्री रहने के दौरान जनसंख्या नियंत्रण के प्रबल समर्थक रहे चंद्रबाबू नायडू अब मानते हैं कि जनसंख्या बोझ नहीं, बल्कि एक संपत्ति है। अधिकारियों के अनुसार, दूसरे बच्चे से आगे दिए जाने वाले प्रोत्साहन फ्रांस और हंगरी जैसे देशों के मॉडल से प्रेरित हैं, जहां भविष्य में जनसांख्यिकीय संकट से बचने के लिए ऐसी नीतियां अपनाई गई हैं।

राज्य के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के मुताबिक आंध्र प्रदेश भारत की तुलना में तेजी से वृद्धावस्था की ओर बढ़ रहा है। राज्य की औसत आयु 32.5 वर्ष है, जबकि राष्ट्रीय औसत 28.4 वर्ष है। अधिकारियों का कहना है कि आंध्र प्रदेश के पास 2040 तक ही जनसांख्यिकीय लाभ की स्थिति बनी रहेगी, इसके बाद बुजुर्ग आबादी का अनुपात तेजी से बढ़ सकता है। आंध्र प्रदेश की कुल प्रजनन दर (टीएफआर)



1993 में 3.0 थी, जो अब घटकर 1.5 रह गई है। यह 2.1 के रिप्लेसमेंट लेवल से काफी नीचे है। अधिकारियों के अनुसार, यह स्थिति विकसित देशों जैसे जापान, दक्षिण कोरिया और इटली की तरह जनसांख्यिकीय संकट की ओर संकेत करती है।

2024 में मुख्यमंत्री बनने के बाद से चंद्रबाबू नायडू लगातार जनसंख्या वृद्धि की वकालत कर रहे हैं और टीएफआर को 2.1 तक पहुंचाने को आवश्यक बता रहे हैं। इसी दिशा में पहला कदम उठाते हुए उनकी सरकार ने स्थानीय निकाय चुनाव लड़ने के लिए लागू दो-बच्चों की सीमा को समाप्त कर दिया था। मार्च में उन्होंने देश की पहली 'पॉपुलेशन मैनेजमेंट पॉलिसी' पेश की, जिसे जनसंख्या वृद्धि के लिए गेम-चेंजर बताया गया। इस नीति में तीसरे बच्चे के लिए पांच वर्षों तक प्रति माह 1,000 रुपये पोषण सहायता और 18 वर्ष तक मुफ्त शिक्षा जैसी योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं।

मुख्यमंत्री ने विधानसभा में कहा था कि सरकार अधिक बच्चों के जन्म को प्रोत्साहित करने के लिए 12 महीने का मातृत्व अवकाश और दो महीने का पितृत्व अवकाश देने की योजना बना रही है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि यदि प्रजनन दर में और गिरावट आई तो कार्यशील आबादी कम हो जाएगी, जिससे आर्थिक विकास प्रभावित होगा। राज्य के स्वास्थ्य, चिकित्सा एवं परिवार कल्याण सचिव सौरभ गौर ने कहा था कि अब राज्य उसी समस्या का सामना कर रहा है, जिससे कई विकसित देश जूझ रहे हैं, जहां गैर-कार्यशील आयु वर्ग की आबादी तेजी से बढ़ रही है।

जनसंख्या प्रबंधन नीति के तहत सरकार 'मातृत्व', 'शक्ति', 'क्षेम', 'नैपुण्यम' और 'संजीवनी' जैसे पांच चरणों वाली जीवनचक्र प्रणाली लागू करने की तैयारी कर रही है। सरकार ने गर्भावस्था से लेकर वृद्धावस्था तक हर चरण में सहायता देने का आश्वासन दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि नि:संतान दंपतियों और प्रजनन संबंधी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए सरकारी अस्पतालों में पीपीपी मॉडल के तहत आईवीएफ सेवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

## पांच साल में 4 नीट पेपर लीक करवाने के बाद भी शिक्षा मंत्री को क्यों बचा रही है मोदी सरकार : परगट सिंह

जालंधर,(आरएनएस)। पूर्व शिक्षा मंत्री और विधायक परगट सिंह ने आरोप लगाया कि 2021 से लेकर अब तक नीट, जेई मेन और यूजीसी-नेट समेत 70-80 प्रतियोगिक परीक्षाओं के पेपर लीक और रद्द होने के लिए सीधे तौर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान जिम्मेदार हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चाहिए कि वह तुरंत शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लें। उन्होंने उनके पद से हटाया जाए। परगट सिंह ने कहा कि धर्मेंद्र प्रधान के शिक्षा मंत्री बनने के बाद पिछले पांच सालों के दौरान इन परीक्षाओं में करीब सवा करोड़ से ज्यादा स्टूडेंट्स का भविष्य दांव पर लग चुका है। बार-बार उनकी वर्षों की मेहनत को बर्बाद किया जा रहा है। इसी साल 2026 नीट की परीक्षा को भी रद्द किए जाने से देश के 22 लाख से अधिक स्टूडेंट्स प्रभावित हुए हैं। परगट सिंह ने कहा कि 2021 से लेकर 2026 तक नीट-यूजी और पीजी के चार पेपर लीक हो चुके हैं। इनमें नीट-यूजी 2021 जयपुर, नीट-यूजी 2024 पटना-हजारीबाग, नीट-पीजी 2024 और नीट-यूजी 2026 सीकर अहम हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लिए जाने तक कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। इसे देश भर में आंदोलन के रूप में खड़ा किया जाएगा। इस मामले की तुरंत निष्पक्ष जांच करवाई जानी चाहिए। जिसके लिए सुप्रीम कोर्ट के सीटिंग जज की कमेटी बनाई जानी चाहिए। क्योंकि सीबीआई जांच में भी अभी तक केंद्र सरकार के हाथ खाली हैं। इस रैकेट में जुड़े लोग बार-बार पेपर लीक की घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं।

# केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रायपुर में अत्याधुनिक 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा' और मोबाइल फॉरेंसिक वैन का किया शुभारंभ

### 400 अत्याधुनिक आपातकालीन वाहन एवं 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को दिखाई हरी झंडी

रायपुर, (आरएनएस)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने आज माना पुलिस परेड ग्राउंड, रायपुर में छत्तीसगढ़ पुलिस की अत्याधुनिक 'नेक्स्ट जेन सीजी डायल-112 सेवा' तथा मोबाइल फॉरेंसिक वैन का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह एवं की गरिमामयी उपस्थिति में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने 400 अत्याधुनिक डायल-112 वाहनों तथा 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री एवं गृह मंत्री विजय शर्मा, पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम, विधायकगण, जनप्रतिनिधिगण तथा वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

उल्लेखनीय है कि 'एक्के नंबर, सब्बो बर' थीम पर आधारित यह आधुनिक सेवा पुलिस, अग्निशमन और चिकित्सा सेवाओं को एकीकृत करते हुए नागरिकों को एक ही नंबर पर त्वरित आपातकालीन सहायता उपलब्ध कराएगी। इसके तहत शुरू किए गए 400 अत्याधुनिक वाहनों में स्मार्टफोन, जीपीएस, वायरलेस रेडियो, पीटीजेड कैमरा, डैश कैम, मोबाइल एनवीआर और सोलर बैकअप जैसी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। इन तकनीकों की मदद से घटनास्थल की लाइव मॉनिटरिंग, रियल-टाइम ट्रैकिंग और त्वरित संचार सुनिश्चित किया जा सकेगा।

यह सेवा 24×7 संचालित होगी। इसमें जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, एडवांस व्हीकल ट्रैकिंग, एसआईपी ट्रंक टेक्नोलॉजी तथा स्वचालित कॉलर लोकेशन पहचान जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया गया है। राज्य के सभी 33 जिला समन्वय केंद्रों को भी इस नेटवर्क से जोड़ा गया है। नागरिक वॉयस कॉल, एसएमएस, ईमेल, वेब पोर्टल, व्हाट्सएप, चैटबॉट और S O S-112 इंडिया ऐप के माध्यम से भी सहायता प्राप्त कर सकेंगे।

'Science on Wheels – Towards Faster Justice' थीम पर आधारित 32 मोबाइल फॉरेंसिक वैन प्रदेश में अपराध अनुसंधान को नई दिशा देंगी। "32 वैन 32 जिले एक संकल्प: सटीक जांच, त्वरित न्याय" के उद्देश्य के साथ शुरू की गई यह पहल घटनास्थल पर ही प्रारंभिक वैज्ञानिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराएगी।

लगभग 65 लाख रुपये प्रति यूनिट लागत वाली इन अत्याधुनिक वैन में घटनास्थल संरक्षण किट, साक्ष्य संग्रहण एवं सीलिंग उपकरण, फिंगरप्रिंट डिटेक्शन सिस्टम, नार्कोटिक्स परीक्षण किट, डिजिटल फॉरेंसिक सपोर्ट, उच्च गुणवत्ता फोटोग्राफी व्यवस्था, बुलेट होल स्क्रीनिंग एवं बैलिस्टिक जांच किट तथा गनशॉट रेजिड्यू (G S R) परीक्षण किट जैसी उन्नत सुविधाएं उपलब्ध हैं।

अब तक अपराध स्थल से साक्ष्य प्रयोगशालाओं तक पहुंचाने में समय लगता था, जिससे साक्ष्यों के दूषित होने की संभावना बनी रहती थी तथा रिपोर्ट आने में भी विलंब होता था। नई मोबाइल फॉरेंसिक वैन के माध्यम से घटनास्थल पर ही प्रारंभिक जांच, साक्ष्य संरक्षण, परीक्षण और डिजिटल दस्तावेजीकरण किया जा सकेगा। इससे जांच की गुणवत्ता और गति दोनों में महत्वपूर्ण सुधार होगा।

# इबोला वायरस से कांगो में 88 मौतें, डब्ल्यूएचओ ने वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित किया



किंशासा (ए.)। कांगो लोकतांत्रिक गणराज्य में इबोला वायरस से 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी हैं और 300 से ज्यादा संदिग्ध मामले सामने आए हैं। इसके बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इसे वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल घोषित कर दिया है। किसी भी महामारी के लिए ये उच्चतम स्तर की चेतावनी है। अफ्रीका रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अनुसार, 16 मई तक इबोला से जुड़ी 88 मौतें और 336 संदिग्ध संक्रमण मामले दर्ज किए गए हैं।

नए मामलों के पीछे वायरस के बुंडीबुग्यो स्ट्रेन को जिम्मेदार माना जा रहा है। इसके इलाज के लिए फिलहाल कोई टीका या खास उपचार मौजूद नहीं है। कांगो के स्वास्थ्य मंत्री सैमुअल-रोजर कांबा ने कहा, इस स्ट्रेन की मृत्यु दर बहुत अधिक है, जो 50 प्रतिशत तक पहुंच सकती है। अधिकारियों ने पुष्टि की है कि बंडीबुग्यो स्ट्रेन से संक्रमित एक कांगो नागरिक की पड़ोसी देश युगांडा में मृत्यु हो गई है।

स्वास्थ्य अधिकारियों ने युगांडा और दक्षिण सूडान की सीमाओं के पास, पूर्वोत्तर कांगो के इटुरी प्रांत में नए मामले मिलने की पुष्टि की है। कांगो सरकार ने बताया कि के अनुसार, सबसे पहले 24 अप्रैल को बुनीया की रहने वाली एक नर्स संक्रमित हुई थी। इसके बाद से नए स्ट्रेन के 8 मामले सामने आए हैं। बुनीया, रवामपारा और मोंगवालू इलाके सबसे ज्यादा प्रभावित हैं। युगांडा, केन्या और सूडान ने निगरानी बढ़ा दी है।

डब्ल्यूएचओ ने कहा कि शनिवार तक कांगो के इटुरी प्रांत में कम से कम 3 क्षेत्रों में 80 संदिग्ध मौतें, 8 कंफर्म मामले और 246 संदिग्ध मामले रिपोर्ट किए गए हैं।

## खामोशी का मतलब कबूल है-कबूल है-कबूल है तालिबान सरकार ने बाल विवाह को दी मंजूरी

कबूल (ए.)। Taliban शासित अफगानिस्तान में महिलाओं और लड़कियों पर लगातार सख्त पाबंदियां लगाए जाने के बीच अब शादी, तलाक और बाल विवाह को लेकर एक नया विवादास्पद कानून लागू किया गया है। इस नए नियम को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने गंभीर चिंता जताई है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पति-पत्नी के बीच अलगाव के सिद्धांत शीर्षक से तैयार किए गए 31 अनुच्छेदों वाले इस नियम को तालिबान के सर्वोच्च नेता Hibatullah Akhundzadड्ड ने मंजूरी दी है। इसे मई के मध्य में अफगान शासन के आधिकारिक गजट में प्रकाशित किया गया।'चुप्पी को सहमति' मानने वाला प्रावधान बना विवाद की वजहनए नियमों का सबसे विवादित हिस्सा वह प्रावधान है, जिसमें कहा गया है कि युवावस्था में पहुंच चुकी अविवाहित लड़की की चुप्पी को शादी के लिए उसकी सहमति माना जा सकता है। हालांकि नियम में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी पुरुष या पहले से विवाहित महिला की चुप्पी को सहमति नहीं माना जाएगा।





## चीन में आया 5.2 तीव्रता का भूकंप, कई इमारतें तबाह हुईं; दो की मौत, कई लापता

बीजिंग (ए.)। चीन के दक्षिणी इलाके में सोमवार सुबह भूकंप के झटके लगे। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 5.2 रही। भूकंप के चलते कई इमारतों को भारी नुकसान हुआ है। अब तक भूकंप के चलते दो लोगों की मौत हुई है और एक लापता है। कई इमारतों को खाली कराया गया है। भूकंप के चलते कई इमारतें गिर गई हैं। राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है और तबाह इमारतों में लोगों की तलाश की जा रही है।

**कई इमारतें तबाह, हजारों लोगों को सुरक्षित निकाला गया**

भूकंप के झटके चीन के लिउझोउ शहर में के नजदीक महसूस हुए, जिससे लोगों में डर फैल गया। प्रशासन ने सात हजार से ज्यादा लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया है और आपात सेवा के कर्मचारी लगातार राहत और बचाव अभियान चलाए हुए हैं। कई लोगों को तबाह इमारतों में फंसे होने की आशंका है।

चीन के सरकारी मीडिया सीसीटीवी के अनुसार, भूकंप के झटकों से कम से कम 13 इमारतें तबाह हुई हैं। जिसमें कई लोग घायल हुए हैं, लेकिन किसी के भी गंभीर घायल होने की खबर नहीं है। घायलों में से चार लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। भूकंप से हुई तबाही के चलते दो लोगों की मौत हुई है। भूकंप के झटकों को देखते हुए इलाके में सार्वजनिक यातायात प्रभावित हुआ है। खासकर रेल यातायात को जांच के बाद ही बहाल किया जाएगा।

## गंगा जल संधि पर निर्भर करेंगे भारत-बांग्लादेश के रिश्ते, तारिक रहमान के मंत्री का बयान

ढाका,(ए.)। बांग्लादेश और भारत के बीच गंगा नदी के पानी का मुद्दा एक बार फिर सुर्खियों में है। बांग्लादेश की सत्तारूढ़ बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के महासचिव और ग्रामीण विकास मंत्री मिर्जा फखरुल इस्लाम आलमगीर ने साफ कहा कि भारत के साथ अच्छे रिश्तों का भविष्य अब गंगा जल बंटवारा समझौते पर निर्भर करेगा। बता दें कि भारत-बांग्लादेश में 1996 में हुए मौजूदा गंगा जल बंटवारा समझौता इस साल दिसंबर में खत्म होने वाला है।आलमगीर ने एक कार्यक्रम में कहा, हम भारत सरकार को स्पष्ट संदेश देना चाहते हैं कि बांग्लादेश के लोगों की अपेक्षाओं और जरूरतों के अनुसार (एक नई गंगा) संधि को बातचीत के माध्यम से तुरंत लागू किया जाना चाहिए। भारत के साथ अच्छे संबंध स्थापित करने का अवसर गंगा जल बंटवारा संधि या फरक्का समझौते पर हस्ताक्षर होने पर निर्भर करेगा। मौजूदा संधि के नवीनीकरण को लेकर अनिश्चितता भविष्य में जल बंटवारे की व्यवस्था को लेकर चिंताएं बढ़ा रही हैं।आलमगीर ने कहा कि ढाका भारत को स्पष्ट संदेश देना चाहता है कि नई संधि पर जल्द बातचीत शुरू होनी चाहिए। उन्होंने कहा, जब तक नया समझौता नहीं हो जाता, तब तक पुरानी संधि को जारी रखा जाए। हमारी कुल आबादी के लगभग एक तिहाई लोग आजीविका, जैव विविधता और कई वितरिकाओं को पानी की आपूर्ति के लिए नदी प्रणाली पर निर्भर हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि भविष्य में जल बंटवारे समझौते किसी समय सीमा तक सीमित नहीं होने चाहिए।



# इमरान खान को सत्ता से बेदखल करने के पीछे अमेरिका का हाथ?

## खोजी रिपोर्ट में एक टॉप-सीक्रेट डिप्लोमैटिक केबल लीक होने का दावा



इस्लामाबाद,(ए.)। पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के उस विदेशी साजिश वाले दावे ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भूचाल ला दिया है, जिसके तहत उन्होंने खुद को सत्ता से बेदखल किए जाने के पीछे अमेरिका का हाथ बताया था। एक खोजी रिपोर्ट में एक टॉप-सीक्रेट डिप्लोमैटिक केबल लीक होने का दावा किया गया है, जिसने सत्ता परिवर्तन में वॉशिंगटन की भूमिका पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

रिपोर्ट के मुताबिक जांच करने वाली संस्था ने उस मूल दस्तावेज़ को प्रकाशित किया है, जिसे साइफर नाम से जाना जाता है। यह दस्तावेज ही उस क्रिकेटर से राजनेता बने इमरान खान के इस दावे का मुख्य आधार है कि पाकिस्तान में अमेरिकी समर्थित सत्ता परिवर्तन हुआ था। इस दस्तावेज़ को केबल आई-0678 के रूप में पहचाना गया है। इसमें अप्रैल 2022 में इमरान खान के अविश्वास प्रस्ताव में हारने से ठीक पहले, वॉशिंगटन में पाकिस्तान के तत्कालीन राजदूत और अमेरिकी विदेश विभाग के वरिष्ठ अधिकारी डोनाल्ड लू के बीच हुई एक बैठक का ब्योरा दर्ज है।

इमरान खान ने बार-बार दावा किया था कि अमेरिका ने उन्हें हटाने के लिए पर्दे के पीछे से काम किया, क्योंकि उनकी विदेश नीति स्वतंत्र थी और उन्होंने रूस और चीन के खिलाफ अमेरिका के साथ पूरी तरह से जुड़ने से इनकार कर दिया था। वॉशिंगटन ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा है कि इन दावों में कोई सच्चाई नहीं है और इमरान खान ने कभी भी विदेशी हस्तक्षेप को साबित करने वाला कोई सबूत पेश नहीं किया।

रिपोर्ट के मुताबिक इमरान खान ने पाकिस्तान की वंशवादी राजनीतिक पार्टियों—पाकिस्तान मुस्लिम लीग-एन और पाकिस्तान पीपल्स पार्टी पर भी अपनी सरकार को गिराने के लिए विदेशी ताकतों के साथ मिलकर काम करने का आरोप लगाया था। दोनों पार्टियों ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इमरान को हटाना पूरी तरह से संवैधानिक था और यह उनके घरेलू राजनीतिक विफलताओं का नतीजा था। अविश्वास प्रस्ताव के जरिए किसी पाकिस्तानी पीएम को इस तरह की प्रक्रिया से हटाए जाने का यह पहला मामला था। इसके एक साल बाद उन्हें भ्रष्टाचार के एक मामले में दोषी ठहराया गया और जेल भेज दिया। तब से इमरान खान जेल में ही बंद हैं।

## बलूचिस्तान में पाकिस्तानी सेना का बड़ा ऑपरेशन, 35 आतंकवादी ढेर, तीन सीनियर कमांडर गिरफ्तार



कराची(ए.)। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने बलूचिस्तान में एक बड़े खुफिया अभियान को अंजाम दिया है। इस कार्रवाई में 35 आतंकवादियों को मार गिराया गया है और तीन हाई-प्रोफाइल वरिष्ठ कमांडरों को भी गिरफ्तार किया गया है। यह अभियान मंगला जरघून क्षेत्र में चलाया गया। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने रविवार रात क्वेटा में मीडिया को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह ऑपरेशन 13 मई को शुरू हुआ था। पिछले चार दिनों में 35 आतंकवादी मारे गए हैं। रिंद ने कहा, यह अभियान प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान और बलूचिस्तान में उसके प्रॉक्सी समूहों के खिलाफ था। पकड़े गए तीनों कमांडर महत्वपूर्ण व्यक्ति हैं। यह कार्रवाई पहले पकड़े गए आतंकवादियों से मिली खुफिया जानकारी पर आधारित थी। सुरक्षा बलों ने मंगला जरघून घर क्षेत्र में कई आतंकवादी बेस कैंप भी नष्ट कर दिए हैं।

# फीचर

## लोकाह चैप्टर 1 एक्ट्रेस ने कान्स में ढाया कहर, बॉडीकॉन ड्रेस में कल्याणी प्रियदर्शन ने दिए कातिलाना पोज



साउथ एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने कान्स फिल्म फेस्टिवल 2026 में रेड कार्पेट पर डेब्यू कर हर किसी का ध्यान खींच लिया. अपने ग्लैमरस लुक और स्टाइलिश अंदाज से एक्ट्रेस ने फैंस को खूब इंप्रेस किया. उनकी कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं.

कान्स 2026 के चौथे दिन कल्याणी प्रियदर्शन ने रेड कार्पेट पर सारी लाइमलाइट लूट ली थी. एक्ट्रेस ने खुद अपनी कई फोटोज शेयर की हैं. अपने कान्स डेब्यू के लिए कल्याणी प्रियदर्शन ने बेहद रॉयल और क्लासी लुक चुना. एक्ट्रेस पर्पल कलर के स्ट्रैपलेस गाउन में रेड कार्पेट पर नजर आईं. कल्याणी ने इस गाउन के साथ चोकर और मैचिंग ईयररिंग्स पेयर किए थे. जो लुक को काफी ग्रेसफुल बना रहे थे. अपने लुक को और भी खास बनाने के लिए कल्याणी ने सटल मेकअप किया था, जिसमें शाइनी आई मेकअप और लाइट पिंक लिप्स्टिक शामिल थी.

**भूत बंगला की 29वें दिन घटी कमाई लेकिन बनाने वाली है बड़ा रिकॉर्ड, भूल भुलैया 2 को मात देने चाहिए बस 3.61 करोड़**

अक्षय कुमार और प्रियदर्शन की जोड़ी ने सालों बाद भूत बंगला से बड़े पर्दे पर दस्तक दी थी और उम्मीद के मुताबिक उन्होंने दर्शकों को खूब एंटरटेन किया. उनकी ये हॉरर कॉमेडी फिल्म सिनेमाघरों में एक महीना पूरा कर चुकी है. इस दौरान इसने अच्छा खासा कलेक्शन कर लिया है और अक्षय कुमार की एक अदद हिट की मुराद भी पूरी कर दी है. अब ये फिल्म एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम करने वाली है?

भूत बंगला ने सिनेमाघरों में रिलीज के चार हफ्ते पूरे कर लिए हैं और अब ये पांचवें हफ्ते में एंट्री कर चुकी है. वहीं 5वें फ्राइडे को इस फिल्म को कई नई और कुछ हफ्ते पुरानी मूवीज से मुकाबला करना पड़ा है इनमें पति पत्नी और वो, आखिरी सवाल, करुप्पु से लेकर धुरंधर 2, दादी की शादी, कृष्णावतारम पार्ट 1: द हार्ट और राजा शिवाजी जैसी फिल्में शामिल हैं. इसके चलते इसकी कमाई में पहली बार बड़ी गिरावट दर्ज की गई है और इसका कलेक्शन लाखों में सिमट गया है.

## जोड़ों का दर्द हर दिन क्यों हो रहा है बुरा? जानिए 5 वजहें

जोड़ों में दर्द एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र में हो सकती है। यह दर्द कई कारणों से हो सकता है और अगर आप इसे नजरअंदाज करते हैं तो यह बढ़ सकता है। इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी गलतियां बताने जा रहे हैं, जो आपके जोड़ों के दर्द को और भी बुरा बना सकती हैं। इन गलतियों को समझकर आप अपने दर्द को कम करने और बेहतर आराम पाने में मदद कर सकते हैं।



**व्यायाम न करना**

नियमित व्यायाम न केवल आपके शरीर के लिए अच्छा होता है, बल्कि यह आपके जोड़ों के लिए भी फायदेमंद होता है। अगर आप नियमित रूप से व्यायाम नहीं करते हैं तो आपके मांसपेशियों कमजोर हो जाती हैं और जोड़ों पर अधिक दबाव पड़ता है, जिससे दर्द बढ़ सकता है। रोजाना कुछ मिनट टहलने या हल्की स्ट्रेचिंग करने से आपके जोड़ों को आराम मिलेगा और दर्द में कमी आएगी।

**गलत खान-पान**

खान-पान का सीधा असर आपके स्वास्थ्य पर पड़ता है, खासकर जब बात जोड़ों के दर्द की हो। अगर आपके खाने में जरूरी पोषक तत्वों की कमी होगी तो इससे सूजन बढ़ सकती है, जिससे आपका दर्द बढ़ सकता है। इसलिए अपने खाने में विटामिन-सी, विटामिन-डी, कैल्शियम और ओमेगा-3 फैटी एसिड वाले खाद्य पदार्थों को शामिल करें। इसके अलावा हरी सब्जियां और फल भी आपके जोड़ों को स्वस्थ रखने में मदद कर सकते हैं।

**वजन बढ़ना**

अधिक वजन होना एक बड़ा कारण हो सकता है, जिससे आपके जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है। इससे आपके घुटनों, कूल्हों और पीठ में दर्द हो सकता है। इसलिए अपने वजन को नियंत्रित रखना बहुत जरूरी है। सही खान-पान और नियमित व्यायाम करके आप अपने वजन को नियंत्रित कर सकते हैं। इसके अलावा पानी का सेवन बढ़ाएं और जंक फूड से दूर रहें ताकि आपका शरीर स्वस्थ रहे और जोड़ों पर अतिरिक्त दबाव न पड़े।

**पर्याप्त आराम न करना**

अगर आप लगातार काम करते रहते हैं और पर्याप्त आराम नहीं करते तो इससे भी आपके जोड़ों का दर्द बढ़ सकता है। शरीर को आराम देना बहुत जरूरी है ताकि वह खुद को ठीक कर सके। इसलिए सुनिश्चित करें कि आप रोजाना कुछ समय आराम करें और सोने से पहले हल्की स्ट्रेचिंग करें। इससे आपके मांसपेशियों को आराम मिलेगा और जोड़ों पर दबाव कम होगा, जिससे आपका दर्द भी कम हो जाएगा।

**गलत तरीके से उठना-बैठना**

अक्सर हम बिना सोचे-समझे गलत तरीके से उठते-बैठते हैं, जिससे हमारे कमर और गर्दन पर बुरा असर पड़ता है। सही तरीके से उठने-बैठने की आदत डालें ताकि आपके जोड़ों पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े। सही तरीका यह है कि जब भी आप उठें तो पहले अपने पैरों को थोड़ा मोड़ लें और फिर धीरे-धीरे खड़े हों। इसी तरह बैठते समय भी घुटनों को मोड़कर बैठें ताकि पीठ और गर्दन पर कोई अतिरिक्त दबाव न पड़े।

## मेहनत और लगन पर मेरा भरोसा, ईमानदारी से काम किया तो मुश्किलें अपने आप दूर हो जाती हैं: अद्रिजा रॉय



लोकप्रिय टीवी शो अनुपमा' में राही का किरदार निभा रही अभिनेत्री अद्रिजा रॉय को उनके इस किरदार में काफी पसंद किया जा रहा है। इस बीच अभिनेत्री ने काम को लेकर अपने विचार प्रशंसकों के सामने रखी। अद्रिजा का स्पष्ट मानना है कि ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ अगर आप पूरी लगन से अपना काम करते हैं तो राह में आने वाली मुश्किलें और बाधाएं अपने आप दूर हो ... जाती हैं। अद्रिजा रॉय ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि टीवी शो अनुपमा में उनकी एंट्री के ... बावजूद वे हमेशा से जानती थीं कि यह शो रूपाली गांगुली के किरदार अनुपमा' के इर्द-गिर्द घूमता ... है। उन्होंने कहा, जब मुझे नई पीढ़ी के लीप के लिए संपर्क किया गया तो मैं बेहद उत्साहित ... थी। अनुपमा' अपने आप में एक ब्रांड है। इतने बड़े और सफल शो का हिस्सा बनना मेरे ... लिए बड़ी उपलब्धि है। मुझे जो भूमिका और जगह दी गई, उससे मैं पूरी तरह संतुष्ट ... और खुश हूं।'' वे मानती हैं कि सफलता की राह में चुनौतियां आती हैं, ... लेकिन सही मंशा और मेहनत के साथ हर मुश्किल आसान हो जाती है। ... उन्होंने बताया कि वह शोहरत, टीआरपी या रैंकिंग की बजाय अपने काम ... और परफॉर्मेंस पर पूरा ध्यान देती हैं। अद्रिजा ने बताया, मेरा हमेशा से मानना है कि ... ईमानदारी से अपना काम किया जाए तो राह में आने वाली मुश्किलें अपने आप ठीक ... हो जाती हैं।

अभिनेत्री ने अनुपमा' के प्रोड्यूसर राजन ... शाही की तारीफ करते हुए कहा कि वह सेट पर हर एक्टर को यही सलाह देते हैं ... कि टीआरपी या रेटिंग के बारे में न सोचें, बस अपनी परफॉर्मेंस पर ध्यान दें। ... अद्रिजा भी इसी विचार से सहमत हैं। उन्होंने कहा, मैं बाहरी दबाव या तनाव को ज्यादा ... प्रभावित नहीं होने देती। हर दिन अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करती हूं।''एक्ट्रेस का यह भी मानना है कि उनमें और शो के उनके किरदार में कई समानताएं हैं। उन्होंने बताया, मुझमें और राही में निश्चित रूप से कई समानताएं हैं, खासकर सकारात्मक नजरिए से। कहानी में कुछ स्थितियां पूरी तरह से नाटकीय प्रभाव के लिए लिखी गई हैं, जिन्हें हम एक्टर के तौर पर निभाते हैं। निजी तौर पर, हो सकता है कि मैं हमेशा हर काम से खुद को जोड़ न पाऊं।

# 'आखिरी सवाल' सिर्फ मनोरंजन नहीं : त्रिधा चौधरी

मुबई (ए.)। अपनी आगामी फिल्म 'आखिरी सवाल' को लेकर अभिनेत्री त्रिधा चौधरी और समीरा रेड्डी ने अपने अनुभव साझा किए और बताया कि यह सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि सोचने पर मजबूर करने वाला सिनेमा है। त्रिधा चौधरी ने बताया कि फिल्म में उन्होंने 'सारा' नाम की एक छात्रा का किरदार निभाया है। उनके मुताबिक शैक्षणिक संस्थान केवल पढ़ाई की जगह नहीं होते, बल्कि वहीं से भविष्य के नेता और विचार तैयार होते हैं। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति की अपनी विचारधारा होती है और वह उस पर पूरा विश्वास रखता है। त्रिधा का मानना है कि सिनेमा समाज में संवाद पैदा करने का सबसे प्रभावी माध्यम है और यह कलाकारों को अपनी बात कहने की आजादी देता है। उन्होंने कहा कि फिल्म का उद्देश्य किसी समाज या वर्ग को बांटना नहीं है, बल्कि लोगों को गंभीर मुद्दों पर सोचने के लिए प्रेरित करना है।

फिल्म यह दिखाने की कोशिश करती है कि विचारधारा किसी भी इंसान के जीवन और फैसलों को किस तरह प्रभावित करती है। त्रिधा ने पूरी टीम की सराहना करते हुए कहा कि सभी कलाकारों और तकनीकी सदस्यों ने इस विषय को जिम्मेदारी के साथ प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। वहीं समीरा रेड्डी लंबे समय बाद इस फिल्म के जरिए बड़े पर्दे पर वापसी कर रही हैं। फिल्म में उन्होंने वामपंथी विचारधारा रखने वाली महिला 'डॉ. पल्लवी' का किरदार निभाया है। उनका पात्र समाज के भीतर मौजूद कई दबे सवालों को सामने लाता है और कहानी में वैचारिक बहस को और तेज करता है। समीरा रेड्डी ने कोलकाता पहुंचने पर खुशी जताई और वहां के लोगों का आभार व्यक्त किया।



उन्होंने कहा कि 'सिटी ऑफ जॉय' में लौटना उनके लिए बेहद खास अनुभव रहा। साथ ही उन्होंने अभिनेता मिथुन चक्रवर्ती से करीब 20 साल बाद मुलाकात पर भी खुशी जाहिर की। समीरा ने फिल्म के निर्देशक अभिजीत वरन की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने किसी तरह का उपदेश देने के बजाय केवल तथ्यों को सामने रखने की कोशिश की है। समीरा के अनुसार एक महिला कलाकार के तौर पर इतना सशक्त और चुनौतीपूर्ण किरदार निभाना उनके लिए बेहद रोमांचक अनुभव रहा। मालूम हो कि फिल्म 'आखिरी सवाल' राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ और बाबरी मस्जिद जैसे संवेदनशील सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों की पृष्ठभूमि पर आधारित है। फिल्म में विचारधाराओं के टकराव और समाज में उनके प्रभाव को प्रमुखता से दिखाने की कोशिश की गई है।

## श्रेयस अय्यर का 100! बतौर कप्तान हासिल की बड़ी उपलब्धि, धोनी-कोहली और रोहित की लिस्ट में शामिल

नईदिल्ली, (आरएनएस)। श्रेयस अय्यर ने अपने आईपीएल करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ लिया है. वो बतौर कप्तान 100 आईपीएल मैच पूरे करने वाले पांचवें खिलाड़ी बन गए हैं. अय्यर ने ये उपलब्धि आईपीएल 2026 के 61वें मैच (पीबीकेएस बनाम आरसीबी) में हासिल की. इसके साथ ही अय्यर टूर्नामेंट के इतिहास के कुछ सबसे सफल कप्तानों की लिस्ट में शामिल हो गए. अय्यर से पहले ये उपलब्धि सिर्फ एमएस धोनी, गौतम गंभीर, विराट कोहली और रोहित शर्मा ही हासिल कर पाए हैं।



31 साल के अय्यर ने आईपीएल में दिल्ली कैपिटल्स, कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स की कप्तानी की. इस दौरान उन्होंने इन तीन टीमों को अपनी कप्तानी में नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया।

अय्यर ने सबसे पहले 2018 में दिल्ली कैपिटल्स की कमान संभाली थी और 41 मैचों में कप्तानी की. इस दौरान उन्होंने दिल्ली को 2019 में सात साल बाद प्लेऑफ में पहुंचाया और 2020 में उसके पहले आईपीएल फाइनल तक पहुंचाया था।

## सूर्यकुमार को लेकर फैसला करेगा बीसीसीसीआई, गंभीर की सलाह रहेगी अहम



मुम्बई (ए.)। भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव का प्रदर्शन पिछले कुछ समय से अच्छा नहीं रहा है जिससे उनकी कप्तानी खतरे में पड़ गया है। ऐसे में अनुमान है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) शीघ्र ही उनके मामले में कोई फैसला ले सकता है। हाल ही में सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने टी20 विश्वकप जीता था पर माना जा रहा है कि बोर्ड अब भविष्य को देखते हुए नये कप्तान पर विचार कर सकता है। ऐसे में बोर्ड की बैठक में चयन समिति और बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया सूर्यकुमार के भविष्य पर अनौपचारिक रुप से बात कर सकते हैं। इस दौरान भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर की सलाह काफी अहम मानी जा रही है। ये भी कहा जा रहा है कि गंभीर की सलाह से ही तय होगा कि सूर्यकुमार को कप्तान बनाये रखा जाये या किसी और को अवसर दिया जाये।

यदि सूर्यकुमार यादव को कप्तानी से हटाया जाता है, तो एक बल्लेबाज के तौर पर भी उनकी राष्ट्रीय टीम में जगह खतरे में पड़ सकती है। ऐसे में एक विकल्प यह भी सुझाया जा रहा है कि उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में कप्तान के तौर पर ही अवसर दिया जाये। इन सीरीज में उनके बल्लेबाजी प्रदर्शन के आधार पर ही उनके भविष्य पर कोई अंतिम फैसला लिया जा सकता है।

सूर्यकुमार के प्रदर्शन में निरंतरत की कमी है। पिछले साल उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। वह 21 मैचों में केवल 218 रन ही बना पाये। इस दौरान वह पूरे साल एक भी अर्धशतक नहीं लगा पाए। उनका औसत 13.62 और स्ट्राइक रेट 123.16 का रहा है। साल 2026 में उनकी कप्तानी में टीम ने खिताब जीता पर उनका स्वयं का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा। आईपीएल 2026 में भी वह रन नहीं बना पा रहे हैं। उन्होंने अब तक 14 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 4 अर्धशतकों के साथ 484 रन बनाए हैं, औसत 44 और स्ट्राइक रेट 161.33 रहा है।

उनकी कप्तानी का रिकॉर्ड हालांकि प्रभावशाली है। सूर्यकुमार की कप्तानी में भारतीय टीम ने अब तक 52 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, जिनमें से 40 में जीत हासिल की है, जबकि 8 में हार का सामना करना पड़ा और 2 मैच टाई रहे है।

### वैभव सूर्यवंशी ने तोड़ा कोहली-अभिषेक का बड़ा रिकॉर्ड, क्या क्रिस गेल को भी छोड़ेंगे पीछे ?

नईदिल्ली, (ए.)। 15 साल के वैभव सूर्यवंशी ने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रिकॉर्ड तोड़ने का अपना सिलसिला जारी रखे हुए हैं. इसी कड़ी में, राजस्थान रॉयल्स के ओपनर वैभव सूर्यवंशी ने आईपीएल में छक्कों का एक नया रिकॉर्ड बनाया है. वह आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं.वैभव ने अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ राजस्थान के मैच के दौरान यह उपलब्धि हासिल की. सूर्यवंशी ने मैच में 21 गेंदों में 46 रनों की तूफानी पारी खेली, जिसमें तीन छक्के भी शामिल थे. इसके साथ इस सीजन में उनके छक्कों की कुल संख्या 43 हो गई. जिसके साथ एक ही सीजन में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है.इससे पहले ये रिकॉर्ड सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनिंग बल्लेबाज अभिषेक शर्मा के नाम था. उन्होंने 2024 के सीजन में कुल 42 छक्के लगाए थे।

## सात्विक-चिराग ने थाईलैंड ओपन में जीता सिल्वर मेडल

बैंकॉक (आरएनएस)। भारत की स्टार बैडमिंटन जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी को थाईलैंड ओपन 2026 के फाइनल में हारकर पुरुष युगल में सिल्वर मेडल पर ही संतोष करना पड़ा.

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज सात्विक और चिराग को इंडोनेशिया के लियो रॉली कार्नांडो और डेनियल मार्टिन से 53 मिनट तक चले मैच में 12-21 23-25 से हार गए. यह भारतीय जोड़ी के खिलाफ इंडोनेशियाई जोड़ी की पहली जीत भी है. इससे पहले इन दोनों जोड़ियों के बीच खेले गए सभी चार मैच भारतीय जोड़ी ने जीते थे।

सात्विक और चिराग ने इससे पहले 2019 और 2024 में थाईलैंड ओपन का खिताब जीता था. यह भी उल्लेखनीय है कि ये भारतीय जोड़ी पिछले साल चाइना मास्टर्स और हांगकांग ओपन में भी उपविजेता रही थी।

फाइनल मैच का पहला गेम काफी मुश्किल रहा, जिसमें सात्विक और चिराग को लय पकड़ने में काफी संघर्ष करना पड़ा, और इंडोनेशियाई जोड़ी ने तेजी से आगे बढ़ते हुए 21-12 से जीत हासिल कर ली. हालांकि दूसरे गेम में भारतीय जोड़ी ने जोरदार वापसी की और कड़ा मुकाबला करते हुए मैच को आखिरी पॉइंट तक लेकर गए. जहां, लगातार पांच चैंपियनशिप पॉइंट बचाने के बाद भी, उन्हें आखिरकार 25-23 से हार माननी पड़ी।

इससे पहले, शनिवार को एक रोमांचक सेमीफाइनल में मलेशिया की जोड़ी, गोह जे फेई और नूर इज्जुद्दीन को हराकर ये भारतीय जोड़ी 2026 सीजन के अपने पहले फाइनल में पहुंचे थे।

बता दें की टूर्नामेंट में पी.वी. सिंधु और लक्ष्य सेन पहले ही बाहर हो चुके थे, इसलिए बैंकॉक में भारत की उम्मीदों का दारोमदार सात्विक और चिराग पर था।

## IPL 2026 के तुरंत बाद इस धाकड़ टीम से भिड़ेगी टीम इंडिया, BCCI ने अचानक फाइनल कर दी नई सीरीज

नई दिल्ली (आरएनएस)। आईपीएल 2026 के रोमांच के बाद भारतीय क्रिकेट फैंस के लिए एक और बड़ी खुशखबरी है। बीसीसीआई ने टीम इंडिया के आगामी मुकाबलों का खाका तैयार कर लिया है। अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के बाद अब भारतीय टीम एक नई चुनौती के लिए कमर कस चुकी है। खबर है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने भारत और श्रीलंका के बीच होने वाली टेस्ट सीरीज पर मुहर लगा दी है। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (WTC) के लिहाज से बेहद अहम मानी जाने वाली इस सीरीज में दोनों टीमें दो मैचों में आमने-सामने होंगी। हालांकि, अभी तक इन मुकाबलों की सटीक तारीखों का आधिकारिक ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन माना जा रहा है कि यह टेस्ट मैच 15 से 27 अगस्त के बीच खेले जाएंगे।

### लंका प्रीमियर लीग के बाद होगा घमासान

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, भारत और श्रीलंका के बीच यह महत्वपूर्ण टेस्ट सीरीज लंका प्रीमियर लीग (LPL) के समापन के तुरंत बाद आयोजित की जाएगी। लंका प्रीमियर लीग का खिताबी मुकाबला 9 अगस्त को खेला जाना है। इस टेस्ट सीरीज के अलावा, इसी दौरे पर भारत और श्रीलंका के बीच तीन टी20 मैचों की सीरीज खेले जाने की भी चर्चा जोरों पर है, हालांकि इस पर अंतिम फैसला आना बाकी है। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया इस समय श्रीलंका में ही मौजूद हैं और उम्मीद जताई जा रही है कि वह श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड के अधिकारियों के साथ इस टेस्ट सीरीज और संभावित टी20 सीरीज के पूरे कार्यक्रम पर विस्तार से चर्चा करेंगे। ज्ञात हो कि बीसीसीआई ने श्रीलंका में चक्रवात दितवाह से प्रभावित लोगों की मदद के लिए फंड जुटाने के उद्देश्य से एक चैरिटी टी20 सीरीज खेलने का वादा किया था।



### सितंबर महीने में भारतीय टीम का शेड्यूल है बेहद व्यस्त

अगर भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की यह टी20 सीरीज आयोजित होती है, तो इसे सितंबर महीने में ही कराया जा सकेगा, लेकिन उस दौरान टीम इंडिया का कार्यक्रम पहले से ही काफी व्यस्त है। सितंबर में भारतीय टीम को बांग्लादेश के खिलाफ छह मैचों की सफेद गेंद की सीरीज खेलनी है, जिसमें तीन वनडे और तीन टी20 मैच शामिल हैं। हालांकि, दोनों देशों के बीच पिछले तनाव को देखते हुए यह दौरा अभी केवल प्रस्तावित ही है जिसे पिछले साल ही टाल दिया गया था और फिलहाल बीसीसीआई की तरफ से इस पर कोई अंतिम मुहर नहीं लगी है। बांग्लादेश सीरीज के ठीक बाद भारत को अपनी घरेलू सरजमीं पर वेस्टइंडीज की मेजबानी करनी है। इसी व्यस्त महीने में 9 सितंबर से 4 अक्टूबर तक एशियन गेम्स का आयोजन भी होना है। इसके अलावा, सितंबर में ही भारतीय टीम को यूएई में अफगानिस्तान के खिलाफ तीन टी20 मैचों की एक और महत्वपूर्ण सीरीज खेलनी है। ऐसे में क्रिकेट के इस महाकुंभ के बीच समय निकालना बीसीसीआई के लिए एक बड़ी चुनौती साबित हो सकता है।

## आरसीबी ने पंजाब को हराकर प्लेऑफ का कंफर्म टिकट किया हासिल

नईदिल्ली,(,आरएनएस)। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालिफ़ाई करने वाली पहली टीम बन गई है. हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम, धर्मशाला में खेले गए मैच आरसीबी ने पंजाब को 23 रनों से मात दे दी.इस जीत के साथ, आरसीबी के 13 मैचों में 18 अंक हो गए हैं. जबकि पंजाब की ये लगातार छठी हार है, जिसकी वजह से उनके प्लेऑफ में पहुंचने की राह काफी ज्यादा कठिन हो गई है. उसके 13 मैच में केवल 13 अंक ही हैं.मैच में आरसीबी के लिए बल्ले से वेंकटेश अय्यर चमके, जबकि गेंदबाजों में रासिक सलाम डार और भुवनेश्वर कुमार सबसे बेहतरीन रहे. वेंकटेश अय्यर ने 72 रनों की पारी खेली जबकि डार ने 3 और भुवनेश्वर ने 2 विकेट लिए.पीबीकेएस ने टॉस जीता और आरसीबी को पहले बल्लेबाजी के लिए बुलाया. उनकी साझेदारियां नियमित अंतराल पर बनती रहीं, जिसमें सभी बल्लेबाजों ने बराबर योगदान दिया. वेंकटेश अय्यर ने 40 गेंदों में नाबाद 72 रनों की पारी खेली, जिसमें आठ चौके और चार छक्के शामिल थे. विराट कोहली ने 37 गेंदों में 58 रन बनाए. इसके अलावा, देवदत्त पडिक्कल (45) और टिम डेविड (28) के योगदान से टीम 222/4 का स्कोर खड़ा करने में सफल रही. PBKS के लिए हरप्रीत बरार ने दो विकेट लिए।

223 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, पीबीकेएस का स्कोर 93/5 हो गया था, लेकिन शशांक सिंह की 27 गेंदों में 56 रनों की संघर्षपूर्ण पारी ने उन्हें मैच में बनाए रखा. मार्कस स्टोइनिस और कूपर कोनोली ने 37-37 रन बनाए, लेकिन इन तीनों बल्लेबाजों के योगदान से PBKS 199/8 तक ही पहुंच पाई. आरसीबी के लिए गेंदबाजों में रासिक सलाम डार सबसे बेहतरीन रहे, जिन्होंने तीन विकेट लिए, जबकि भुवनेश्वर कुमार ने अपने स्पेल के दौरान दो विकेट चटकाए।

# छत्तीसगढ़ समाचार

## कमानी पट्टा टूटने से बस अनियंत्रित होकर पलटा, एक की मौत, कई घायल

जगदलपुर,(आरएनएस)। जगदलपुर में एक बड़ा हादसा हो गया है। यहां यात्रियों से भरी पलट गई है। हादसा इतना दर्दनाक था कि मौके पर ही एक यात्री की मौत हो गई, जबकि 30 यात्री घायल हो गए हैं, जिसमें 7 लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना के बाद अफ़रातफ़री का माहौल हो गया है।

मिली जानकारी के अनुसार, घटना बालिंगा के नेशनल हाइवे 30 पर हुई है। बताया जा रहा है कि बस यात्रियों को लेकर रायपुर से कोंटा जा रही थी। इसी दौरान बस का पट्टा टूटने से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे ये हादसा हुआ है। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया, जहां सभी का इलाज जारी है। फ़िलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## मॉर्निंग वाक पर निकले पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हुए लूट के शिकार

रायपुर,(आरएनएस)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के छत्तीसगढ़ दौरे के दौरान राजधानी रायपुर में एक बड़ी घटना सामने आई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष और भाजपा नेता धरमलाल कौशिक लूट की घटना का शिकार हो गए।

बताया जा रहा है कि सोमवार सुबह मॉर्निंग वॉक के दौरान एक बाइक सवार बदमाश उनका मोबाइल फ़ोन छीनकर फ़रार हो गया। जानकारी के मुताबिक धरमलाल कौशिक सुबह करीब सवा 8 बजे घर से टहलने निकले थे, इसी दौरान बाइक पर आए एक युवक ने उनका मोबाइल झपट लिया और मौके से भाग निकला। घटना के समय कौशिक अकेले थे घटना के तुरंत बाद उन्होंने पुलिस को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और आरोपी की तलाश में जुट गई है।

## फॉर्म हाउस से 8 रसूखदार जुआरी गिरफ्तार, लाखों की नगदी और लग्जरी कारें जब्त

बिलासपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में कोनी पुलिस ने फ़ॉर्म हाउस में चल रहे हाई-प्रोफ़ाइल जुआ अड्डे पर दबिश देकर 8 रसूखदार जुआरियों को गिरफ्तार किया। मौके से लाखों की नगदी, महंगी कारें और कई मोबाइल फ़ोन बरामद किए गए। एसएसपीके निर्देश पर सभी आरोपियों के खिलाफगैर-जमानती धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

कोनी थाना क्षेत्र के एक शानदार फ़ॉर्म हाउस में लंबे समय से जुआ खेलने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। पुख्ता जानकारी के बाद टीम ने देर रात छापा मारा।

## छात्रा ने शिक्षक पर लगाया छेड़खानी व अश्लील मैसेज का आरोप

राजनांदगांव। सुरगी के हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ने वाली छात्रा ने स्कूल के एक शिक्षक पर छेड़खानी व मोबाइल से अश्लील बातें करने का आरोप लगाया हैं। छात्रा की शिकायत के बाद पुलिस ने शिक्षक पर अपराध दर्ज कर लिया है। सुरगी पुलिस ने बताया कि कक्षा 12वीं में अध्ययनरत छात्रा ने शिक्षक शेष नारायण शर्मा पर अश्लील बातें करने व अनुचित व्यवहार करने का आरोप लगाया है। शिकायत में यह भी कहा गया है कि आरोपी शिक्षक छुट्टी के दिनों में भी छात्रा के मोबाइल पर फ़ोन कर अश्लील बातें करता था। जिससे वह परेशान हो गई है।

## 20 मई को बंद रहेगी सभी मेडिकल दुकानें, छत्तीसगढ़ सरकार ने जारी किए जरूरी निर्देश

रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ समेत पुरे देशभर के विभिन्न केमिस्ट और दवा विक्रेता संगठनों द्वारा 20 मई 2026 को राष्ट्रव्यापी हड़ताल का आह्वान किया गया है। इस हड़ताल का मुख्य कारण ऑनलाइन दवाइयों की बिक्री का विरोध बताया जा रहा है। दवा व्यापारियों का कहना है कि ऑनलाइन प्लेटफॉर्म्स के बढ़ते प्रभाव से पारंपरिक मेडिकल स्टोर्स के कारोबार पर गंभीर असर पड़ रहा है, साथ ही बिना उचित निगरानी के दवाइयों की बिक्री से मरीजों की सुरक्षा भी प्रभावित हो सकती है।

छत्तीसगढ़ सहित देश के कई राज्यों में इस हड़ताल का व्यापक असर देखने को मिल सकता है। मेडिकल स्टोर्स बंद रहने की संभावना को देखते हुए राज्य सरकार और खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने आम जनता को राहत देने के लिए विशेष व्यवस्थाएं शुरू कर दी हैं।

### खाद्य एवं औषधि प्रशासन अलर्ट मोड पर

खाद्य एवं औषधि प्रशासन, छत्तीसगढ़ ने संभावित दवा संकट को रोकने के लिए सभी जिलों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आम नागरिकों, मरीजों और आपातकालीन सेवाओं को किसी प्रकार की परेशानी न हो, इसके लिए वैकल्पिक दवा वितरण व्यवस्था तैयार की गई है। अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि जीवनरक्षक दवाइयों, आपातकालीन स्वास्थ्य उत्पादों और आवश्यक चिकित्सकीय सामग्री की उपलब्धता हर हाल में सुनिश्चित की जाए। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं का पर्याप्त स्टॉक बनाए रखने के भी आदेश दिए गए हैं।

### इन स्थानों पर मिलेंगी जरूरी दवाइयां

20 मई को प्रस्तावित देशव्यापी हड़ताल के दौरान मेडिकल स्टोर्स बंद रहने की स्थिति में आम नागरिकों और मरीजों को राहत देने के लिए प्रशासन द्वारा वैकल्पिक दवा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। आवश्यक दवाइयों की उपलब्धता बनाए रखने हेतु प्रधानमंत्री भारतीय जनऔषधि केंद्रों को सक्रिय रखा जाएगा, जहां कम कीमतों पर सामान्य और जरूरी जेनेरिक दवाइयां उपलब्ध होंगी। इसके अलावा राज्य सरकार द्वारा संचालित धन्वंतरी मेडिकल स्टोर्स भी दवा वितरण के लिए खुले रहेंगे, ताकि मरीजों को समय पर आवश्यक औषधियां मिल सकें। शासकीय अस्पतालों में जीवनरक्षक दवाओं और इमरजेंसी सेवाओं की व्यवस्था जारी रहेगी। साथ ही निजी अस्पतालों, नर्सिंग होम्स और अन्य अधिकृत औषधि वितरण केंद्रों को भी आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सकीय सामग्री की उपलब्धता बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं, जिससे आम जनता को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

### क्या है ऑनलाइन दवा बिक्री को लेकर विवाद ?

ऑनलाइन दवा बिक्री को लेकर लंबे समय से केमिस्ट संगठनों और ई-फार्मेसी कंपनियों के बीच विवाद चल रहा है। दवा विक्रेताओं का आरोप है कि कई ऑनलाइन प्लेटफॉर्म बिना डॉक्टर के वैध प्रिस्क्रिप्शन के दवाइयां बेच रहे हैं, जिससे मरीजों के स्वास्थ्य पर खतरा बढ़ सकता है। वहीं ई-फार्मेसी कंपनियों का कहना है कि डिजिटल माध्यम से दवाइयों की उपलब्धता बढ़ी है और लोगों को घर बैठे सुविधा मिल रही है। हालांकि, पारंपरिक दवा विक्रेता इसे अपने रोजगार और व्यवसाय के लिए खतरा मान रहे हैं।

### सरकार ने दिए सख्त निर्देश

राज्य सरकार ने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन को संयुक्त रूप से स्थिति संभालने की जिम्मेदारी दी गई है। सरकार का कहना है कि आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होने दी जाएगी और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं पूरी तरह जारी रहेंगी।

## रायपुर से कोंटा जा रही यात्री बस पलटी, महिला की मौत, 22 से अधिक घायल



जगदलपुर (ए.)। बस्तर जिले के बालेंगा के पास नेशनल हाईवे-30 पर आज सोमवार सुबह साढ़े तीन बजे रायपुर से कोंटा जा रही रॉयल ट्रैवल्स की यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में एक महिला यात्री की मौके पर मौत हो गई है, जबकि 22 से अधिक यात्री घायल हो गए हैं। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि बस ड्राइवर को झपकी आने के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार यह हादसा गत रात्रि लगभग साढ़े तीन बजे हुआ, बस में करीब 34 यात्री सवार थे। अचानक बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में बस के भीतर दबने से महिला यात्री पदमनी चंद्रवंशी की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतिका कोंटा क्षेत्र की शिक्षिका थीं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस, प्रशासन और एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची। राहत एवं बचाव कार्य के दौरान एसडीआरएफ के जवानों ने कड़ी मशक्कत के बाद महिला यात्री के शव को बाहर निकाला और पुलिस को सुपुर्द किया। घायलों को तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

### समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर सांसद अग्रवाल ने नायब तहसीलदार एसडीएम और एडीएमको लगाई फटकार

रायपुर,(आरएनएस)। रायपुर लोकसभा के सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने अपने आरंग दौरे के दौरान समस्याओं से पीड़ित नागरिकों की सुनवाई करते हुए समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर शिविर स्थल में ही नायब तहसीलदार एसडीएम और एडीएम को कड़ी फटकार लगाई। उन्होने पुराने दो आवेदनों पर निराकरण नहीं होने पर नायब तहसीलदार से कहा कि आपके खिलाफ मुझे सबसे ज्यादा शिकायतें मिली हैं। एसडीएम से कहा कि राजस्व प्रकरणों के निकाकरण में त्वरित निदान नहीं हो रहा है। नायब तहसीलदार को उन्होंने पुराने दो आवेदनों परतीन दिन के अंदार रिपोर्ट उन्हें सौंपने काआदेश दिया है। अधिकारियों कोफटकार लगाते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि भविष्य के लिए सुधर जाइये,मुझे शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। प्रकरणों का निराकरण नहीं होने पर उन्होंने कड़े तेवर दिखाते हुए उक्त दो अधिकारियों को कहा कि उन्हें शिकायत मिली तो अधिकारियों के खिलाफ वे सख्त कार्रवाई करेंगे।

### एसईसीएल के सीएमडी हरीश दुहन ने मानिकपुर कोयला खदान का जायजा लिया

कोरबा,(आरएनएस)। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड ;एसईसीएलद्ध के सीएमडी हरीश दुहन ने रविवार तड़के कोरबा क्षेत्र का दौरा कर मानिकपुर ओपनकास्ट परियोजना सहित विभिन्न परिचालन गतिविधियों का निरीक्षण किया। सुबह लगभग 6 बजे शुरू हुए निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादनए उत्पादकताए गुणवत्ता प्रबंधन एवं मानसून पूर्व तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। मानिकपुर परियोजना में निरीक्षण के दौरान सीएमडी ने खदान में संचालित उत्पादन कार्योंए मशीनों की कार्यक्षमता तथा गुणवत्ता मानकों का स्थल पर जाकर मूल्यांकन किया। उन्होंने मानसून को ध्यान में रखते हुए जल निकासी व्यवस्थाए हॉल रोड की स्थितिए मशीनों की उपलब्धताए सुरक्षा प्रबंधन एवं अन्य परिचालन तैयारियों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से सुनिश्चित करने के निर्देश दिएए ताकि वर्षा ऋतु के दौरान उत्पादन कार्य प्रभावित न हों।इस दौरान सीएमडी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद करते हुए बेहतर समन्वयए सतर्कता और कार्यकुशलता के साथ कार्य करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण उत्पादन एसईसीएल की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है तथा परिचालन दक्षता बनाए रखते हुए निर्धारित उत्पादन लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करना आवश्यक है।

### *चक्रवाती सिस्टम एक्टिव, छत्तीसगढ़ में अगले 2 दिन बारिश और बिजली गिरने की चेतावनी*

*रायपुर, (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ में मौसम ने अचानक करवट ले ली है। बंगाल की खाड़ी और विदर्भ क्षेत्र में सक्रिय चक्रवाती सिस्टम के असर से प्रदेश के कई हिस्सों में बारिश, तेज आंधी और गरज-चमक का दौर जारी है। मौसम विभाग ने अगले दो दिनों तक प्रदेश में हल्की से मध्यम बारिश और बिजली गिरने की संभावना जताई है। पिछले 24 घंटों के दौरान रायपुर और बस्तर संभाग समेत कई इलाकों में अच्छी बारिश दर्ज की गई, जिससे लोगों को भीषण गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में भी मौसम का मिजाज ऐसा ही बना रह सकता है।*



#### *कई जिलों में हुई अच्छी बारिश*

*प्रदेश के कई हिस्सों में हल्की से मध्यम वर्षा रिकॉर्ड की गई। रायपुर में शनिवार को 62.8 मिमी बारिश दर्ज हुई, जबकि बस्तर संभाग के कई इलाकों में भी झमाझम बारिश हुई। बारिश के चलते तापमान में गिरावट देखने को मिली और मौसम सुहावना बना रहा। मौसम विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बिलासपुर प्रदेश का सबसे गर्म शहर रहा, जहां अधिकतम तापमान 39.5 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। वहीं रायपुर में न्यूनतम तापमान 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।*


#### *इन सिस्टमों का दिख रहा असर*

*मौसम वैज्ञानिकों के मुताबिक दक्षिण-पश्चिम बंगाल की खाड़ी और तमिलनाडु के ऊपर चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। इसके साथ ही पूर्वी उत्तर प्रदेश में भी साइक्लोनिक सर्कुलेशन बना हुआ है। इसके अलावा पश्चिम विदर्भ से मन्नार की खाड़ी तक एक द्रोणिका बनी हुई है, जिसके कारण लगातार नमी प्रदेश तक पहुंच रही है। यही वजह है कि छत्तीसगढ़ के कई जिलों में बादल, बारिश और तेज हवाओं का असर देखने को मिल रहा है।*

# 45 डिग्री तापमान व भीषण गर्मी के बीच 78 साल के श्री आर्य ने 4 किलोमीटर पैदल मां सीवन की परिक्रमा की

**जब दिल में देश व समाज सेवा के भाव हो तो कोई भी परिस्थिति आदमी के इरादों को डगमगा नहीं सकती**





सीहोर (निप्र)। एक एक और जहां कल इस भीषण गर्मी, लू के थपेड़ों में आदमी तो आदमी.. पंछी भी अपने घोसलों में बैठे हुए थे ऐसे में मां सीवन परिक्रमा जो की श्री मनकामेश्वर मंदिर से शुरू हुई और लगभग 4 किलोमीटर तक पैदल परिक्रमा चलती रही इस बीच एक शख्स रूप में जो सभी को संदेश दे रहे थे जो सभी के लिए प्रेरणा बन रहे थे कि जब दिल में जज्बा हो,दिल में देश प्रेम की भावना हो,दिल में कुछ कर कर गुजरने की तमन्ना हो, मानव सेवा, जीव सेवा के भाव मन में हो तो कोई दुनिया की ताकत उस आदमी को रोक नहीं,सकते उसके इरादों को कोई डगमगा नहीं सकते,उसकी जिद के आगे बड़ी-बड़ी चट्टानों को भी छोटा होना पड़ता है उसे न आंधी रोक सकती है, ना तूफान रोक सकता है ना बरसात रोक सकती है ना लू के थपेड़े रोक सकते हैं आर्मी से रिटायर्ड श्री राम गोपाल आर्य जिनकी उम्र 78 साल सीवन परिक्रमा में हाथ में तिरंगा लेकर भारत माता की जय वंदे मातरम बोलते हुए अपने कदम बढ़ा रहे थे, कुछ लोग हमसे कह रहे थे की इतनी भीषण गर्मी में यह सीवन परिक्रमा तो उन्होंने एक ही बात कही कि जब देश और समाज की बात हो तो कोई भी विपरीत परिस्थितियों हो वह आदमी के इरादों को रोक नहीं सकती । आप घर से भले ही निकले हो या नहीं निकले हो हम तो निकल गए हैं मानव व जीव सेवा के हित मेंसच कहूं तो दादा गोपाल आर्य मेरे लिए बहुत बड़ी प्रेरणा है और इसने प्रेरित होकर मैंने कभी जीवन में आलस नहीं किया भले ही आंधी चले, तूफान आए, बाढ़ आए यदि किसी चीज को करने की ठानी तो वह मुझे नहीं रोक पाई यह सब मैंने दादा से सीखाऔर दादा का देश के प्रति एवं समाज सेवा के प्रति जो भाव हैं वे अपने आप में अद्भुत है और विश्वसनीय है आकल्पिणीय हैउन्हें पता है की जल होगा तो ही कल होगा वह निकले मां जीवन दायिनी सीवन के लिए वह निकले करोड़ों-अरबों जीव जंतु,पशु-पक्षियों के लिएवह निकले हर उस आदमी के लिए जो अपने कंठ की प्यास जल से बुझाता है नदिया जो हमारी मां होती है ।

## धन के चक्कर में धर्म भूल रहा है प्राणी-पं.मोहितरामजी पाठक

सीहोर (निप्र)। आज सभी को धन की अति आवश्यकता है धन खूब काम भी रहा है खर्च भी कर रहा है जोड़ भी रहा है मगर इस धन के चक्कर में धर्म को भूलाया जा रहा है उक्त उद्गार पुरुषोत्तम मास अधिक मास की पावन अवसर पर ग्राम दोराहा रामनगर कॉलोनी मैं चल रही सप्त दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस कथा व्यास परम गौभक्त क्रांतिकारी राष्ट्रीय संत पंडित मोहितरामजी पाठक सीहोर वालों ने व्यक्त किए आगे कथा में वर्णन करते हुए कहा कि पुरुषोत्तम मास भगवान के पास रोता रोता आया भगवान शिव उसका हाथ पकड़ कर के उसे गौ लोकधाम ले गए, भगवान ने मलमास को अपना नाम पुरुषोत्तम मास नाम दिया महिमा बड़ा और कहा कि जो इस पुरुषोत्तम मास में मेरी कथा सुनेगा सत्संग करेगा दान धर्म करेगा उसको अक्षय फल की प्रति होगी भगवान शिव की कृपा उसे पर बरसेगी, भगवान शिव उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करेंगे इसलिए अधिक मास पुरुषोत्तम मास में किया गया पुनीत कार्य हजारों गुना फल देने लायक है इसी पुरुषोत्तम मास में ग्राम डोर में सात दिवसीय श्री शिव महापुराण कथा के प्रथम दिवस भगवान शिव कथा की महिमा को आज संत श्री पाठक जी द्वारा गया गया कथा में कहा कि जो शिव की शरण में जाता है जो शिव का भजन करता है स्मरण करता है एक लोटा जल बिलपत्र आदि चढ़ता है भगवान शिव उसकी सभी मनोकामना पूर्ण करते हैं उसे कैलाश धाम की प्राप्ति होती है त्रिदेव की कृपा एवं आशीर्वाद उसे प्राप्त होता है किंतु मानव को अपने कर्मों का हमेशा ध्यान रखना चाहिए पूजन पाठ के साथ यदि कम पवित्र नहीं होंगे तो भगवान की प्राप्ति नहीं होगी।

# वाल्मीकि नगर में 6 लाख की लागत से नाली निर्माण कार्य का भूमि पूजन सम्पन्न

**मोहन भैरवे के घर से विनेश चौहान 'बिन्ना पत्रकार' के घर तक बनेगी नाली, क्षेत्रवासियों को मिलेगी जल निकासी की समस्या से राहत**




सीहोर (निप्र)। वार्ड क्रमांक 19 स्थित वाल्मीकि नगर में नगर विकास को नई दिशा देते हुए लगभग 6 लाख रुपये की लागत से बनने वाले नाली निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन नगर पालिका अध्यक्ष द्वारा सम्पन्न किया गया। यह निर्माण कार्य मोहन भैरवे के घर से प्रारंभ होकर विनेश चौहान 'बिन्ना पत्रकार' के घर तक किया जाएगा। भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रीय नागरिकों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। लंबे समय से क्षेत्र में जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिसके समाधान हेतु यह निर्माण कार्य स्वीकृत किया गया है। नाली निर्माण कार्य पूर्ण होने के बाद क्षेत्रवासियों को गंदे पानी और जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी तथा स्वच्छता व्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नगर के प्रत्येक वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है। नागरिकों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए सड़क, नाली, पेयजल एवं अन्य विकास कार्य निरंतर कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर पालिका परिषद जनहित के कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है और आने वाले समय में भी विकास कार्यों की गति इसी प्रकार जारी रहेगी।

## मरदानपुर एवं नीलकंठ जलप्रदाय योजनाओं में पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

सीहोर (निप्र)। मरदानपुर ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना एवं नीलकंठ ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना अंतर्गत ग्रीष्मकालीन पेयजल समस्याओं के निराकरण के लिए कंट्रोल रूम स्थापित किया गया। मरदानपुर योजना में पेयजल संबंधी समस्या होने पर नागरिक मोबाइल नंबर 7898401752 तथा नीलकंठ योजना में पेयजल संबंधी समस्या होने पर नंबर 6260634008 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके साथ ही मरदानपुर योजना के लिए ग्राम मरदानपुर और नीलकंठ योजना के लिए ग्राम सोंठिया में हेल्पडेस्क भी बनाई गई है। उल्लेखनीय है कि मरदानपुर योजना से बुधनी एवं भैरूंदा के 161 तथा नीलकंठ ग्रामीण समूह जल प्रदाय योजना से भैरूंदा के 44 गांवों में पेयजल सप्लाई किया जाता है।

## बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2026

**नर्मदापुरम की लगातार दूसरी जीत, ब्लू को 59 रन के अंतर से हराया**

सीहोर (निप्र)। शहर के बीएसआई मैदान पर एकलव्य फैंडशिप क्रिकेट लीग प्रतियोगिता 2026 के तीसरे दिन गौर क्रिकेट अकादमी नर्मदापुरम की टीम ने एकलव्य क्रिकेट अकादमी ब्लू को 59 रन के अंतर से हराया। इस मैच में नर्मदापुरम की ओरसे युवी ने 100 गेंद पर 109 रन, प्रज्ञान ने 45 रन के अलावा गेंदबाजी करते हुए हेमेन्द्र ने 3 विकेट हासिल किए थे। इस मौके पर सीनियर कोच अतुल कुशवाहा सहित अन्य ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

डीसीए के मीडिया प्रभारी प्रियांशु दीक्षित ने बताया कि पहले बल्लेबाजी करने उतरी गौर क्रिकेट अकादमी नर्मदापुरम ने 5 विकेट खोकर 35 ओवर में 238 रन बनाए थे। इसमें सलामी बल्लेबाज युवी ने 109 रन, प्रज्ञान ने 43 गेंद पर 45 रन, अनिकेत ने 25 रन, प्रज्जवल मीना ने 20 रन और आदर्श शर्मा ने 10 रन बनाए थे। वही ब्लू की ओर से गेंदबाजी करते हुए भाग्यवर्धन सिंह परमार ने 2 विकेट, फरहान बड़ा ने 1 विकेट हासिल किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू की टीम 35 ओवर में 9 विकेट खोकर 179 रन ही बना सकी। इसमी हर्ष परमार ने 19 रन, प्रिंस सेठी ने 63 रन बनाए थे। इधर नर्मदापुरम की ओर से गेंदबाजी करते हुए हेमेन्द्र ने 3 विकेट, अर्नव, प्रज्जवल मीना, प्रज्ञान, अनिकेत, अक्षत अहिरवार ने 1-1 विकेट हासिल किया।

# युवाओं ने सुर और शब्दों से बांधा समा, 'एक सखा' का 'ओपन माइक सफरनामा' संपन्न




सीहोर (निप्र)। युवाओं की छिपी हुई प्रतिभा को निखारने और उन्हें एक बेहतर मंच प्रदान करने के उद्देश्य से एक सखा सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा ओपन माइक सफरनामा कार्यक्रम का शानदार आयोजन किया गया। शहर के सागर रेस्टोरेंट एंड कैफे में आयोजित इस गरिमामयी कार्यक्रम में युवाओं का जबरदस्त उत्साह देखने को मिला, जहां कलाकारों ने अपने गीत, संगीत और कविताओं से वहां मौजूद दर्शकों का दिल जीत लिया।

### इंटर्नशिप टीम ने संभाली कमान

विशेष बात यह रही कि इस पूरे कार्यक्रम का सफल संयोजन और प्रबंधन एक सखा की इंटर्नशिप टीम द्वारा किया गया। इस दौरान टीम के सदस्यों ने इवेंट मैनेजमेंट की बारीकियों को जमीन पर सीखा और अपनी प्रबंधन क्षमता का परिचय दिया। कार्यक्रम का कुशल संचालन रितु मेवाड़ा एवं पलक गौर द्वारा संयुक्त रूप से किया गया।

### सुर और शब्दों की सजी महफिल

कार्यक्रम में अबीर शर्मा, मितांश खरे, सार्थक कलोदिया, श्रेयांश मेवाड़ा और समृद्धि टेकाम ने अपनी सुरीली आवाज में गायकी का हुनर दिखाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। वहीं, शहर की जानी-मानी इन्फ्लुएंसर और कवयित्री याशिका सरकार ने अपनी बेहतरीन कविताओं से कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए।

### मेंबर्स ने दीं संगीत की बारीकियां

कार्यक्रम में मुख्य रूप से मौजूद नरेंद्र विश्वकर्मा एवं आशीष राठौर ने म्यूजिक मेंटर की भूमिका निभाई। उन्होंने मंच पर प्रस्तुति देने वाले बच्चों और युवाओं का हौसला बढ़ाया और उन्हें संगीत से जुड़ी कई महत्वपूर्ण और तकनीकी बारीकियां भी सिखाईं।

### प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

एक सखा संस्था पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के साथ-साथ युवाओं को लगातार ऐसा मंच प्रदान करती आ रही है। कार्यक्रम के अंत में बेहतर प्रस्तुति देने वाले सभी होनहार कलाकारों को संस्था की ओर से सर्टिफिकेट प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एक सखा की इंटर्नशिप टीम की सदस्य पलक नागर, रानू नागर, सुहानी मेवाड़ा, तनूजा परमार नागर सहित संस्था के अन्य सभी वरिष्ठ सदस्य और बड़ी संख्या में कलाप्रेमी मौजूद रहे।

# तैराकी खिलाड़ी विनीता को विधायक ने किया सम्मानित

सीहोर (निप्र)। बजरंग कॉलोनी इंदौर नाका निवासी तैराकी खिलाड़ी विनीता वर्मा ने यूनिवर्सिटी राज्य स्तरीय चंडीगढ़ में आयोजित कंपटीशन में सेकंड स्थान प्राप्त किया। सोमवार को विधायक सुदेश राय ने प्रतिभाशाली



छात्रा तैराकी खिलाड़ी विनीता वर्मा को अपनी माता संतोषी वर्मा के साथ अपने निवास पर आमंत्रित कर सम्मानित किया। विनीता रवींद्रनाथ टैगोर यूनिवर्सिटी रायसेन की छात्रा है। विधायक सुदेश राय ने छात्रा को बधाई शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र प्रधानमंत्री डॉ मोहन यादव और खेल युवा कल्याण मुख्यमंत्री विश्वास सारंग खिलाड़ियों के लिए बनाने की योजनाएं संचालित कर रहे हैं इन योजनाओं के लाभ से खिलाड़ी अपने माता-पिता देश और जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। शहर की बिटिया विनीता ने तैराकी में बेहतरीन प्रदर्शन कर पुरस्कार अर्जित किया है हमारे लिए गौरव की बात है।

# जीरो-वेस्ट पॉलिसी के साथ पूर्ण किए 500 दिन निशुल्क निरंतर भोजन समाजसेवा की मिसाल

**टीम संडे के सुकून ने पूरे किए निरंतर निशुल्क भोजन के 500 दिन**

सीहोर (निप्र)। नर सेवा ही नारायण सेवा है, इस सोच को सच कर दिखाया है शहर के प्रबुद्ध युवाओं की टोली टीम संडे के सुकून' ने। जिला चिकित्सालय में इलाज कराने आने वाले मरीजों के परिजनों की भोजन की जरूरत को देख शुरू हुआ सेवा का यह कारवां आज एक नए मुकाम पर पहुंच गया है। टीम ने अस्पताल परिसर में पिछले 500 दिनों से बिना किसी रुकावट के निरंतर नि:शुल्क ताजा और पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का एक अद्भुत कीर्तिमान रचा है। इस पावन अभियान के तहत अब तक करीब 75 हजार से अधिक भोजन की थालियां जरूरतमंदों को परोसी जा चुकी हैं। इस पूरे अभियान की सबसे अनूठी और रोचक बात यह है कि पिछले 500 दिनों में इतनी बड़ी संख्या में भोजन वितरण के बावजूद एक भी दिन सिंगल-यूज प्लास्टिक या डिस्पोजल बर्तनों का उपयोग नहीं किया गया। टीम ने पूरी तरह से जीरो-वेस्ट' (शून्य कचरा) समाजसेवा की पॉलिसी को अपनाकर हर दिन स्टील की थालियों में भोजन परोसा। यह प्रयास न केवल पर्यावरण को कचरे से बचा रहा है, बल्कि समाज को स्वच्छता और प्रकृति संरक्षण का एक बेहद सकारात्मक संदेश भी दे रहा है।




आमतौर पर आज के युवा सुबह देर से उठना पसंद करते हैं और संडे यानी रविवार का दिन अपने परिवार, मनोरंजन या घूमने-फिरने में बिताते हैं। लेकिन टीम संडे के सुकून की कहानी बिल्कुल जुदा है। इस टीम में डॉक्टर, इंजीनियर, और युवा व्यवसायी सहित अनेक समाजसेवी शामिल हैं, जिनकी हर सुबह की शुरुआत बिस्तर छोडने् के साथ ही सेवा कार्यों से होती है। रविवार के दिन जब लोग अपने निजी जीवन में व्यस्त होते हैं, तब यह टीम पूरी ऊर्जा के साथ शहर हित और समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति की मदद में जुट जाती है।

### तत्कालीन कलेक्टर और एसडीएम भी रह चुके हैं मुरीद

युवाओं के इस अनुशासित और निस्वार्थ जज्बे के सीहोर के आला अधिकारी भी कायल रहे हैं। सीहोर में पदस्थ रहे तत्कालीन कलेक्टर प्रवीण कुमार सिंह और तत्कालीन एसडीएम राजकुमार खत्री सहित अनेक प्रशासनिक अफसर अपने कार्यकाल के दौरान इस टीम के कार्यों और प्रबंधन के मुरीद रह चुके हैं। अधिकारियों ने समय-समय पर टीम के इस सेवा मॉडल की खुले दिल से सराहना की है।टीम संडे के सुकून ने शहरवासियों की सोच और उत्सव मनाने के तौर-तरीकों को भी बदला है। अब शहर के लोग अपने परिजनों के जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ या अपनों की पुण्यतिथि होटलों में उड़ाने के बजाय सेवा कार्य कर मनाते हैं। टीम ऐसे लोगों को एक बेहद सरल, पारदर्शी और अनुशासित प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराती है, जिससे लोग सीधे अस्पताल में परिजनों को भोजन कराकर अपने विशेष दिनों को यादगार बना रहे हैं।

## ऋण राशि न चुकाने पर डिफॉल्टर को न्यायालय ने भेजा जेल

सीहोर (निप्र)। जिला न्यायालय सीहोर ने ऋण अदायगी में चूक करने और अदालती आदेशों की अवहेलना करने के मामले में कड़ा रुख अपनाते हुए एक डिफॉल्टर को सिविल जेल भेजने के आदेश जारी किए हैं। द्वितीय जिला न्यायाधीश महेश कुमार वर्मा की अदालत ने अहमदपुर निवासी मुकेश साहू को अवार्ड राशि का भुगतान न करने पर जेल वारंट तामील कर हिरासत में भेजा है। जानकारी के अनुसार, मैसर्स वेरिटास फाइनेंस प्राइवेट लिमिटेड (चेन्नई) द्वारा मुकेश साहू और अन्य के विरुद्ध निष्पादन प्रकरण वर्ष 2023 से न्यायालय में विचाराधीन था। कंपनी ने यह मामला बकाया ऋण राशि की वसूली हेतु प्रस्तुत किया था। बताया गया कि प्रकरण माननीय उच्च न्यायालय की सूचीबद्ध सूची में शामिल होने के बावजूद, ऋणी पक्ष लगातार अदालती कार्यवाही से बच रहा था। सुनवाई के दौरान न्यायालय ने पाया कि प्रकरण में पूर्व में कई बार सूचना पत्र, कुर्की वारंट और गिरफ्तारी वारंट जारी किए गए, लेकिन ऋणी न तो उपस्थित हुआ और न ही राशि का भुगतान किया। आदेशिका वाहक एकनाथ कांबले ने मुकेश साहू को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। हालांकि ऋणी ने राशि जमा करने हेतु समय की मांग की, लेकिन कंपनी के अधिवक्ता ने विरोध करते हुए बताया कि प्रकरण पहले ही करीब 3 वर्ष पुराना है और प्रतिवादी जानबूझकर देरी कर रहा है।

### मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से हुई श्रद्धा के गृहस्थ जीवन की शुरुआत

सीहोर (निप्र)। मुख्यमंत्री कन्या विवाह/ निकाह योजना प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी और अनूठी योजनाओं में से एक है। इस योजना के माध्यम से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का विवाह सम्मानपूर्वक और धूमधाम से कराया जा रहा है।


**कार्यालय सचिव, रोगी कल्याण समिति सिविल अस्पताल आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.)**

क्रमांक/128/अस्प.प्रशा./2026 आष्टा दिनॉक- 13/05/2026

द्वितीय आमंत्रण

**// निविदा विज्ञप्ति सूचना //**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सिविल अस्पताल आष्टा जिला सीहोर (म.प्र.) में वर्ष 2026-27 में वाहन स्टेण्ड पार्किंग व्यवस्था (साईकिल, मोटर, स्कूटर, जीप, कार, इत्यादि) हेतु इच्छुक निविदाकारो से निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी एवं निविदा फार्म कार्यालयीन समय में 500/- (पांच सौ रूपये मात्र) शुल्क जमा कर प्राप्त किये जा सकते है।

निविदा फार्म प्राप्त करने की प्रारंभ तारीख 18/05/2026 अंतिम तारीख 28/05/2026 सायं 05 बजे तक है।

भरे गये निविदा फार्म कार्यालय में जमा करने की अंतिम तारीख 28/05/2026 सायं 05 बजे तक निर्धारित है। उक्त अवधि के पश्चात् प्राप्त निविदाओं पर विचार नहीं किया जावेगा।

जी/13015/26

सचिव
रोगी कल्याण समिति
सिविल अस्पताल आष्टा जिला सीहोर

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


# सीहोर का नाम बदलकर सिद्धपुर किए जाने की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



सीहोर (निप्र)। सोमवार को जिला कांग्रेस प्रवक्ता पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से कांग्रेसजनों ने महामहिम राज्यपाल से सीहोर जिला मुख्यालय का नाम परिवर्तित कर सिद्धपुर किए जाने, निर्माणाधीन हाऊसिंग बोर्ड रेलवे ओवरब्रिज का नाम अंबेडकर सेतु किए जाने सहित नगर के विभिन्न चौराहों और मंडी रेलवे ओवरब्रिज का आधिकारिक रूप से नामकरण किए जाने की मांग की। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए पंकज शर्मा ने बताया कि सीहोर नगर का प्राचीन नाम सिद्धपुर है, जिसे किन्हीं कारणोंवश बदलकर सीहोर कर दिया गया था, जिसे फिर से बदलकर सिद्धपुर किए जाने की मांग यहां की जनता द्वारा कई वर्षों से की जा रही है, लेकिन अब तक इसकी प्रक्रिया प्रारंभ नहीं हो सकी है। सिद्धपुर नाम हमारी प्राचीन संस्कृति और सभ्यता से जुड़ाव का अहसास कराता है इसलिए कृपया इस बारे में जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए शीघ्रातिशीघ्र राज्य सरकार को आवश्यक दिशानिर्देश जारी किए जाने चाहिए।

# शहर के आवासीय क्रिक्रेट ग्राउंड पर इंटर हाउस क्रिकेट प्रतियोगिता

***अभिनव व्यास 70 रन और कप्तान अताउल्ला खान ने खेली 50 रन की पारी***

सीहोर (निप्र)। शहर के आवासीय क्रिक्रेट ग्राउंड पर आईएसआई क्रिक्रेट अकादमी के द्वारा इंटर हाउस क्रिक्रेट प्रतियोगिता का सोमवार से शुभारंभ हुआ, जिसके अंतर्गत आज प्रतियोगिता के पहले मैच में आईएसआई लीजेंड्स ने आईएसआई वॉरियर्स को 97 रनों के बड़े अंतर से हराया, अकादमी के कोच एवं आयोजक अक्षय दुबाने ने बताया कि प्रतियोगिता प्रतियोगिता का पहला मैच खेला गया। इस मौके पर शहर के कोलीपुरा स्थित श्री नृसिंह लक्ष्मी मंदिर सिद्धपीठ के संत माधवदास महाराज, संस्कार मंच के मनोज दीक्षित मामा, दिनेश राणा आदि ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।आईएसआई वॉरियर्स के कप्तान शिव परमार ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया, आईएसआई लीजेंड्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए अभिनव व्यास 70 रन ओर कप्तान अताउल्ला खान के नाबाद 50 रनो की कप्तानी पारी की बदौलत निर्धारित 25 ओवर में 182 रनो का टारगेट सामने वाली टीम को दिया। आईएसआई वॉरियर्स की ओर से गेंदबाजी करते हुए सौरभ धीमान ने 6 विकेट दिव्यम, नैतिक ओर अक्षत ने 1-1 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य पीछा करने उतरी आईएसआई वॉरियर्स की पारी शुरुआत में ही लड़खड़ा गई ओर मैच 97 रनों के बड़े अंतर से हार गई, आईएसआई वॉरियर्स की ओर से सिर्फ कप्तान शिव ने 35 रनों की संघर्षपूर्ण पारी खेली लेकिन टीम को जीत नहीं दिला सके।


**लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल (म.प्र.)**

ई.मेल.आई.डी.-phyedu.dpi@gmail.com

क्र. शा.शि./सी/245/सीहोर/प्रवेश/2026/414 भोपाल दिनांक 14.05.2026

**शासकीय आवासीय खेलकूद संस्थान सीहोर मध्य प्रदेश में वर्ष 2026-27 के लिए रिक्त सीट्स पर कक्षा 9वीं एवं 12वीं में (केवल बालकों के लिए) प्रवेश हेतु विज्ञापन**

(विज्ञप्ति)

लोक शिक्षण संचालनालय मध्य प्रदेश भोपाल के अधीनस्थ संचालित शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में शिक्षा सत्र् 2026-27 में कक्षावार रिक्त स्थान एवं चयन परीक्षा की निर्धारित तिथि निम्नानुसार प्रस्तावित है :-

| क्र. | प्रवेश हेतु कक्षा | कुल स्थान | अनु.जाति | अनु.ज.जा. | पिछड़ा वर्ग | अना0 | EWS |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09वीं | 17 | 00 | 07 | 01 | 04 | 05 |
| 2 | 12वीं | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 |

- रिक्त स्थान की संख्या में आवश्यकता अनुसार कमी अथवा वृद्धि की जा सकती है।
- अभ्यार्थी अपने आवेदन ऑनलाईन https://www.vimarsh.mp.gov.in/sports/index.aspx लिंक पर दिनांक 01.06.2026 तक कर सकेंगे।
- चयन प्रक्रिया दिनांक 04.06.2026 से 05.06.2026 तक शासकीय आवासीय खेलकूद विद्यालय सीहोर में की जावेगी।
- परीक्षा एवं चयन प्रक्रिया के संबंध में पूर्ण जानकारी स्कूल शिक्षा विभाग के एजुकेशन पोर्टल www.educationportal.mp.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।
- प्रवेश उपरान्त यदि किसी कारणवश छात्र के शाला त्यागने से निर्धारित स्थान शेष रहता है तो प्राचार्य द्वारा प्रतीक्षा सूची से रिक्त स्थान पर अभ्यार्थियों को प्रवेश दिया जावेगा।

जी/13097/26

(आलोक खरे)
संयुक्त संचालक
लोक शिक्षण, मध्यप्रदेश

हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें


स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस तलैया,भोपाल एवं श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं.21,सेक्टर-एच,इंडस्ट्रियल एरिया,गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा 09 वैशाली नगर ग्राम शेरपुर शंकर मंदिर के पास सीहोर म.प्र. से प्रकाशित।
ब्यूरो प्रमुख -भावना सक्सेना। स्थानीय प्रतिनिधि-मनोज दीक्षित, सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो.9425025999 ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com